Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi

आम बजट 2024-25

4800000.21

करोड़ रुपये का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया पेश

सबका ध्यान सबका कल्याण

वैश्विक स्तर पर भारत की वृद्धि को वित्त मंत्री ने बताया एक चमकता हुआ सितारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने विगत 10 वर्षों के कार्यकाल में 'सबका साथ, सबका विकास' नारे पर फोकस किया। सबका विश्वास अर्जित करने पर भी जोर दिया। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें बड़ा धक्का लगा और उनके नेतृत्व में भाजपा पूर्ण बहुमत तक नहीं पहुंच सकी। उन्हें अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बहुमत की सरकार बनानी पड़ी। उनके तीसरे कार्यकाल का साल 2024-25 का पहला आम बजट मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में प्रस्तुत किया। बजट के विजन को देखने और समझने से पता चलता है कि सरकार ने 'सबका ध्यान, सबका कल्याण' फार्मूले पर फोकस किया है।

- एक घंटा 23 मिनट का रहा वित्त मंत्री का भाषण
- शुद्ध कर प्राप्तियां 25.83 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान
- राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9 फीसद रहने का अनुमान
- 7.75 लाख तक का इनकम टैक्स फ्री, 17.5 हजार का फायदा
- रोजगार और कौशल विकास पर दिया गया जोर
- छात्रों को 5 हजार रुपये प्रति माह इंटर्नशिप भत्ता और 6 हजार रुपये एकमुश्त सहायता
- बिहार को 41 हजार करोड़ और आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ की सहायता, सत्ता संतुलन बनाए रखने का बेहतर प्रयास
- पारिवारिक पेंशन पर छूट की सीमा 15 हजार से बढ़ाकर हुआ 25 हजार रुपये
- कैंसर के इलाज की तीन दवाओं को मूल सीमा शुल्क से दी जाएगी छूट
- मोबाइल फोन, मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर होंगे सस्ते
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरूआत करने का एलान

वेतनभोगी वर्ग को राहत

सीतारमण का एक घंटा 23 मिनट का बजट भाषण वेतनभोगी वर्ग के लिए थोड़ी राहत लेकर आया। नई टैक्स रिजीम चुनने वाले करदाताओं के लिए अब 7.75 लाख रुपये तक की इनकम टैक्स फ्री हो गई है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में बिहार को 41 हजार करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपये की मदद देने का ऐलान किया। इसके माध्यम से सत्ता संतुलन को बनाए रखने का बेहतर प्रयास किया गया है।

आनेवाले वर्षों में और मजबूत होगी वृद्धि

वित्त मंत्री ने बजट में रोजगार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024-25 लोकसभा में पेश करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की वृद्धि एक चमकता सितारा बना हुआ है, जो आने वाले वर्षों में ऐसा ही बना रहेगा। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में उधार के अलावा कुल प्राप्तियां 32.07 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया गया है, जबकि कुल व्यय 48.21 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है। उन्होंने बजट में शुद्ध कर प्राप्तियां 25.83 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया। राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9 फीसदी रहने का अनुमान व्यक्त किया है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के लिए स्पेशल स्कीम लाने का वादा भी किया। बजट में उन्होंने कहा कि नई कर व्यवस्था चुनने वाले वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये किया जाएगा। टैक्स स्लैब में बदलाव से करदाताओं को 17.5 हजार रुपये का फायदा होगा।

नौकरी पेशा और पेंशनर्स को फायदा

बजट में पारिवारिक पेंशन पर छूट की सीमा 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने का ऐलान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन दोनों बदलावों से चार करोड़ नौकरी पेशा और पेंशनर्स को फायदा मिलेगा। नई कर व्यवस्था में व्यक्तिगत आयकर दरों पर वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि नई कर व्यवस्था के तहत कर दर संरचना को निम्नानुसार संशोधित किया जाएगा।

नए टैक्स स्लैब का स्ट्रक्चर

इससे 0 से 3 लाख रुपये तक की आय पर शून्य, 3 से 7 लाख रुपये तक की इनकम पर 5 फीसदी, 7 से 10 लाख रुपये तक की आय पर 10 फीसदी, 10 से 12 लाख रुपये तक की इनकम पर 15 फीसदी, 12 से 15 लाख रुपये तक की आय पर 20 फीसदी और 15 लाख से अधिक की इनकम पर 30 फीसदी टैक्स लगेगा। वित्त मंत्री ने आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा करने का ऐलान किया, जिससे टैक्स संबंधी विवाद और मुकदमेबाजी कम होगी।

एंजल टैक्स को समाप्त करने का प्रस्ताव

बजट में निवेशकों के सभी वर्गों पर लगने वाले एंजल टैक्स को समाप्त करने का प्रस्ताव किया गया है। इससे देश के स्टार्टअप को फायदा मिलेगा और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में बताया कि कैंसर के इलाज की तीन दवाओं को मूल सीमा शुल्क से छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 फीसदी करने का प्रस्ताव करती हूं।

एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर

सीतारमण ने केंद्रीय बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू करेगी, जिसमें 5000 रुपये प्रति महीने इंटर्नशिप भत्ता और 6 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी।

पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अगले 5 साल में बुनियादी ढांचे के लिए मजबूत राजकोषीय समर्थन बनाए रखने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये होगा, जो हमारे सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 फीसदी होगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि हमारा लक्ष्य घाटे को 4.5 फीसदी से नीचे पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

निशुल्क सौर बिजली योजना पर वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे एक करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल सकेगी। यह योजना इसे और बढ़ावा देगी।

आदिवासियों पर फोकस

वित्त मंत्री सीतारमण ने अपने बजट भाषण के दौरान आदिवासियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत आदिवासी बहुल गांवों एवं आकांक्षी जिलों में रह रहे आदिवासी परिवारों को इसके दायरे में लाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के दायरे में 63 हजार आदिवासी बहुल गांव आएंगे, जिससे कि पांच करोड़ जनजातीय लोगों को लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदायों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाना होगा।

विकसित भारत की ठोस नींव रखेगा बजट : पीएम

मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे विकसित भारत की ठोस नींव रखने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को सशक्त करेगा। प्रधानमंत्री ने बजट को देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने वाला बताते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकले हैं। ये जो नव मध्यम वर्ग बना है, ये बजट उनके सशक्तिकरण की निरंतरता का बजट

है। प्रधानमंत्री ने बजट में युवाओं पर जोर दिए जाने का हवाला देते हुए कहा कि इसके उपायों से युवाओं के लिए कई नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने कहा कि इस बजट से शिक्षा और स्किल को नई स्केल मिलेगी। ये मीडिल क्लास को नई ताकत देने वाला बजट है। ये जनजातीय समाज, दलितों और पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है। इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट से छोटे व्यापारियों, एमएसएमईएस को प्रगति का नया रास्ता मिलेगा। बजट में मैन्युफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत फोकस है। इससे आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें हर शहर, हर गांव, हर घर उद्यमी बनाना है। इसी उद्देश्य से बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया गया है। इससे छोटे कारोबारियों, विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में एमएसएमई के लिए ऋण में आसानी बढ़ाने वाली नई योजना शुरु की गई है। मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट इकोसिस्टम को हर जिले तक ले जाने के लिए बजट में अहम घोषणाएं की गईं। यह बजट हमारे उपकरणों के लिए, इनोवेशन इकोसिस्टम के लिए पूरे नए अवसर लेकर आया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में यह सुनिश्चित किया है कि गरीब और मध्यम वर्ग को लगातार टैक्स से राहत दी जाए।

राहुल गांधी ने बजट को बताया 'कुर्सी बचाओ बजट'

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वास्तव में यह आम बजट 'कुर्सी बचाओ बजट' है। उन्होंने सरकार के बजट को 'कॉपी पेस्ट' भी कहा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कुर्सी बचाओ बजट। सहयोगियों को खुश करने की कोशिश की गई है। अन्य राज्यों की कीमत पर उनसे खोखले वादे किए गए। इसमें आम भारतीय को कोई राहत नहीं दी गई। उन्होंने बजट को कांग्रेस के घोषणापत्र और पिछले बजट का कॉपी पेस्ट भी बताया।

यह देश की तरक्की का बजट नहीं : मल्लिकार्जुन खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सकार के बजट पर निशाना साधते हुए लिखा, कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का 'नकलची बजट'। मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी 'रेवड़ियां' बांट रहा है, ताकि एनडीए बची रहे। ये 'देश की तरक्की' का बजट नहीं, 'मोदी सरकार बचाओ' बजट है। 10 साल बाद उन युवाओं के लिए सीमित घोषणाएं हुईं हैं, जो

सालाना दो करोड़ नौकरियों के जुमले को झेल रहे हैं। किसानों के लिए केवल सतही बातें हुईं हैं, डेढ़ गुना एमएसपी और आय दोगुना करना - सब चुनावी धोखेबाजी निकली। उन्होंने लिखा, 'ग्रामीण वेतन को बढ़ाने का इस सरकार का कोई इरादा नहीं है। दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक, माध्यम वर्ग और गांव-गरीब लोगों के लिए कोई भी क्रांतिकारी योजना नहीं है, जैसी कांग्रेस-यूपीए ने लागू की थी। ह्मगरीब :शब्द केवल स्वयं की ब्रांडिंग करने का जरिया बन गया है, ठोस कुछ भी नहीं है। महिलाओं के लिए इस बजट में ऐसा कुछ नहीं है, जिससे उनकी आर्थिक क्षमता बढ़े और वो वर्कफोर्स में अधिक से अधिक शामिल हों। उल्टा महंगाई पर सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है।

मांग से ज्यादा जरूरत के मुताबिक मिला बजट

30 हजार करोड़ की बिहार सरकार ने की थी डिमांड

बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे के बनने का रास्ता साफ चार घंटे में पूरी होगी इन दोनों शहरों के बीच की दूरी

केंद्रीय बजट में बिहार को सड़कों को बड़ी सौगात मिली है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को सदन में बजट पेश करते हुए पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस वे के साथ साथ बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए 26 हजार करोड़ रुपये देने का एलान किया है।

इन शहरों को फायदा : बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे के बनने से बक्सर, भोजपुर, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद, गया, जहानाबाद, नवादा, जमुई, शेखपुरा, बांका और भागलपुर के लोगों को फायदा पहुंचेगा। बक्सर से भागलपुर का सफर पूरा करने में फिलहाल 9 घंटे का समय लगता है। इसके लिए लोगों को 380 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। एक्सप्रेस वे के बनने से यह सफर मात्र चार घंटे में पूरी की जा सकेगी।



- उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी सरकार
- चार एक्सप्रेस-वे और एक गंगा नदी पर पुल बनाने की घोषणा
- 26 हजार करोड़ से होगा बिहार में सड़क निर्माण
- 11 हजार करोड़ बाढ़ प्रभावित इलाकों के प्रबंधन पर होगा खर्च

हम खुश हैं : नीतीश

बिहार के लिए केंद्र ने खोला पिटारा

AGENCY DELHI :

मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024-25 लोकसभा में पेश किया। वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट पेश करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की वृद्धि एक चमकता सितारा बना हुआ है, जो आने वाले सालों में ऐसी ही बना रहेगा। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में बिहार के लिए अपना पिटारा खोल दिया है, जबकि आंध्र प्रदेश के लिए बजट में 15 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। वि?त मंत्री ने कहा कि सरकार अगले 5 साल में बुनियादी ढांचे के लिए मजबूत राजकोषीय समर्थन बनाए रखने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये होगा, जो हमारे सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 फीसदी होगा। उन?होंने कहा कि वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि हमारा लक्ष्य घाटे को 4.5 फीसदी से नीचे पहुंचाना है। निशुल्क सौर बिजली योजना पर वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे एक करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल सकेगी। यह योजना इसे और बढ़ावा देगी। सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि हमारी सरकार आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में की गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए प्रयास किए हैं। उन?होंने कहा कि राज्य की पूंजी की आवश्यकता को समझते हुए, हम बहुपक्षीय एजेंसियों के

माध्यम से विशेष वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करेंगे। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भविष्य के वर्षों में अतिरिक्त राशि के साथ 15,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की जाएगी। वित्त मंत्री ने बिहार के लिए अपना पिटारा खोलते हुए कहा कि 21,400 करोड़ रुपये की लागत से बिहार के पीरपैंती में 2400 मेगावाट का नया बिजली संयंत्र स्थापित करने सहित बिजली परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। बिहार में नए हवाई अड्डे, मेडिकल कॉलेज और खेल बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भविष्य के वर्षों में अतिरिक्त राशि के साथ 15,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की जाएगी। हमारी सरकार पोलावरम सिंचाई परियोजना के शीघ्र पूरा होने और वित्तपोषण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है जो आंध्र प्रदेश और उसके किसानों के लिए जीवन रेखा है। सीतारमण ने कहा कि अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर पर हम बिहार के गया में औद्योगिक विकास को समर्थन देंगे। यह पूर्वी क्षेत्र के विकास को गति देगा। हम सड़क संपर्क परियोजनाओं पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस वे, बक्सर-भागलपुर राजमार्ग, बोधगया-राजगीर-वैशाली-दरभंगा के विकास में भी सहयोग करेंगे और बक्सर में गंगा नदी पर 26,000 करोड़ रुपये की लागत से एक अतिरिक्त दो लेन का पुल बनाया जाएगा।

बिहार को काफी मदद मिली: नीतीश कुमार

मोदी सरकार के आम बजट को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होने कहा कि बजट से हम खुश हैं। विशेष दर्जा के लिए हमलोग आंदोलन कर रहे थे। आज जो बोल रहे हैं जब उनकी पार्टी केंद्र में थी तब क्या किए? हम इसके लिए लगातार बोलते रहे हैं। हमने कहा विशेष राज्य जा दर्जा दीजिए या विशेष अधिकार के लिए मदद कीजिए। हम लोगों ने कह दिया था बिहार को मदद करिए उसी में कई चीजों की मदद की घोषणा हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार को केंद्र सरकार की ओर से पूरी मदद मिल रही है। विशेष राज्य का दर्जा बंद कर दिया, तो जो मदद होनी चाहिए थी। वो विकास के लिए हो रही है। उन्होने कहा कि पहले बिहार का बुरा हाल था।

केंद्र के बजट में बिहार का बजा डंका : विजय

बिहार को स्पेशल स्टेटस का दर्जा भले ही अभी न मिला हो, लेकिन मोदी सरकार के बजट में बिहार को काफी कुछ मिला है। 26 हजार करोड़ अगल-अलग योजनाओं के लिए प्रस्तावित किए गए है। जिसमें सड़क, हाइवे, बाढ़ नियंत्रण और हवाई अड्डे शामिल हैं। वहीं बिहार के मॉनसून सत्र में आज भी हंगामा हुआ। पूरा विपक्ष बिहार को विशेष राज्य के दर्जा पर अड़ा है। इस बीच नीतीश सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा विपक्ष को घेरा। और जमकर निशाना साधा। मंत्री विजय चौधरी ने केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया और कहा कि बिहार को कभी किसी बजट में अब तक इतनी मदद कभी नहीं मिली थी। वहीं विपक्ष दल के एक नेता के झुनझुना लेकर सदन में पहुंचने पर उन्होने कहा कि एक और केंद्र के बजट में बिहार का डंका बज रहा है।

संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा बजट : संजय

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट विकसित भारत की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने की दिशा में ऐतिहासिक है। यह बजट मध्यवर्गीय, किसानों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनायेगा। साथ ही संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा। सेठ ने कहा कि इस बजट में किसान, मध्य वर्ग और युवाओं को बड़ी सौगात दी गई है। कृषि क्षेत्र में 1.52 लाख करोड रुपये दिए गए हैं। युवाओं के लिए रोजगार और कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी पांच योजनाओं के लिए दो लाख करोड़ आवंटित किए गए हैं। 500 बड़ी कंपनियां में एक करोड़ युवाओं को इंटरशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही एक करोड़ छात्रों को 5000 मासिक भत्ता दिया जाएगा।

बाढ़ के लिए फंड को लेकर बोले- बहुत अच्छी पहल

बिहार को विशेष पैकेज मिलने से ग्रामीण खुश

AGENCY MUZAFFARPUR :

बिहार को केंद्रीय बजट में विशेष पैकेज दिया गया है। साथ ही बाढ़ नियंत्रण और प्रभावित क्षेत्र के लिए राहत और पुनर्वास सहित कई अन्य विकास कार्य को लेकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने पीएम मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अब बाढ़ के दंश से निजात मिलेगी। गौरतलब है कि मुजफ्फरपुर जिले के आधा दर्जन अधिक प्रखंड बाढ़ से प्रभावित रहते हैं।मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अलग-अलग राज्यों में बाढ़ नियंत्रण, उपायों और सिंचाई परियोजनाओं को मजबूती देने के लिए आज 11,500 करोड़ रुपये की व्यापक वित्तीय सहायता योजना की घोषणा की है। इसके साथ ही बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र में फ्लड कंट्रोल और फ्लड रिलीफ के काम में तेजी लाई जा सकेगी। लोकसभा में 2024-25 के लिए बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि सरकार आगे बढ़ाए गए सिंचाई लाभ कार्यक्रम के साथ-साथ ही अब और अन्य स्रोतों के माध्यम से अलग-अलग परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी और यह मील का पत्थर साबित होगा। बिहार में अक्सर बाढ़ आती है और कई बार इसका कारण देश से बाहर की नदियों में पानी छोड़ा जाना होता है। हर साल भारत के बाहर से आने वाली कई नदी के साथ-साथ ही सहायक नदियों के कारण बाढ़ का सामना करना पड़ता है। उम्मीद है कि अब इन परियोजनाओं द्वारा सहायता मिलेगी। साथ ही बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान को देखते हुए हमारी सरकार बहुपक्षीय विकास सहायता के माध्यम से ही पुनर्निर्माण और पुनर्वास के लिए सहायता प्रदान करेगी। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र औराई, कटरा, गायघाट, मुसहरी, मीनापुर और कांटी प्रखंड मुख्य रूप से शामिल हैं।

केंद्रीय बजट पर लालू- तेजस्वी और रोहिणी आचार्य ने कहा-

आम आदमी के दिल पर खंजर है यह बजट

AGENCY PATNA :

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी 3.0 का पहला बजट मंगलवार को पेश किया। इस बजट में बिहार को कई तोहफे मिले हैं। लेकिन बिहार को इस बार भी विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला। जिस पर बिहार की सियासत गरमाई है। अब इस पर राजद सुप्रीमो लालू यादव, बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राज नेता रोहिणी आचार्या ने बिहार को लेकर हुई घोषणाओं पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से बिहार को निराश किया गया। लालू यादव ने अपने खास अंदाज में बजट की आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि एक घिसा-पिटा हट है ये बजट,

जुमलों की रट है ये बजट, गरीब और किसान के सपने कर रहा बंजर है ये बजट, आम आदमी के दिल पर खंजर है ये बजट।

तेजस्वी यादव ने कहा है कि रूटीन आवंटन, पूर्व स्वीकृत, निर्धारित और आवंटित योजनाओं को नई सौगात बताने वाले बिहार का अपमान न करें। पलायन रोकने, प्रदेश का पिछड़ापन हटाने तथा उद्योग धंधों के साथ-साथ युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए हम विशेष राज्य के दर्जे की मांग से इंच भर भी पीछे नहीं हटेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा है कि आज के बजट ने बिहार के लोगों को फिर निराश किया है। बिहार को प्रगति पथ पर ले जाने के लिए एक रिवाइवल प्लान की जरूरत थी। जिसके लिए विशेष राज्य के दर्जे के साथ विशेष पैकेज की सख्त जरूरत है।

बजट पर लालू यादव की बेटी और राजद नेता **रोहिणी आचार्य** ने बजट को भरमाने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि आज पेश किया गया बजट गुमराह करने वाला है। पुराने प्रावधानों को इस तरह से पेश किया गया है कि आम आदमी को लगे कि कुछ बड़ी रियायतें और राहत दी गई हैं और चरमराती अर्थव्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से बड़े बदलाव किए गए हैं। रोहिणी ने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा मांग रहे बिहार के लिए वित्तीय सहायता के रूप में मात्र 41,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह बिहार के हितों की सीधी-सीधी अवहेलना है। यह तो ऊंट में मुंह में जीरा जैसी बात हो गई। कुछ निजी निर्माण और सीमेंट कंपनियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बिहार में राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए 26,000 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

वित्त मंत्री के जरिये पेश किया गया आम बजट देश के नौजवानों, महिलाओं, किसानों, दलित और आदिवासियों को धोखा देने वाला है। दोनों संयुक्त रूप से बजट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। दोनों नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिली शिकस्त के कारण और कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए बजट में सिर्फ घोषणाएं की गई है। पूरे देश में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ और किसानों के सम्मान से खिलवाड़ किया गया है। आवश्यक दिनचर्या और खाद्य पदार्थों पर टैक्स में कोई छूट नहीं दी गई है। इसलिए यह आम बजट पूंजीवाद को फायदा और देश की 80 प्रतिशत जनता मजदूर छात्र नौजवान एवं विकास से वंचित लोगों पर बोझ डालने वाला बजट है। केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों को ध्यान में रखकर बजट बनाया है, जो देश की 80 प्रतिशत जनता के हित में नहीं है।

महेंद्र पाठक व अजय कुमार सिंह

वित्तमंत्री सीतारमण की ओर से पेश किया गया आम बजट आम लोगों के लिए नहीं, बल्कि खास लोगों के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ये बजट प्रधानमंत्री की कुर्सी बचाओ या सत्ता बचाओ योजना के अंतर्गत आया है। ये बजट देश के लिए कतई नहीं है। भट्टाचार्य मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि इस बजट से ये जाहिर हुआ कि केंद्र सरकार अंदर से कितनी डरी हुई है। इस डर के कारण ही आंध्र प्रदेश पर खास ध्यान दिया गया है। साथ ही बिहार पर भी बजट को फोकस किया गया है। थोड़ा ध्यान ओडिशा पर भी ध्यान दिया गया है। इससे ऐसा लगता है कि बाकी 27 राज्य इस देश में है ही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हालिया चुनावों को मुद्दाविहीन हो कर लड़ा। केवल सांप्रदायिक बातें की। उन्होंने कहा कि बजट भी उसी की झलक जैसा है।सुप्रियो ने कहा कि बजट में सबसे ऊपर एग्रीकल्चर सेक्टर आता है। इससे पहले के बजट में एग्रीकल्चर के लिए कुल राशि का 6.5 प्रतिशत हिस्सा हुआ करता था। आज ये घटकर 3.9 प्रतिशत पर आ गया है। बजट में एमएसपी की कोई चर्चा नहीं है, जो अत्यंत अहम सेक्टर है और जिससे पेट भरा जाता है, उस पर कोई बात नहीं हुई। केवल फल और सब्जी पर बात हुई।

सुप्रियो भट्टाचार्य, झामुमो नेता

वित्त मंत्री ने कांग्रेस का पढ़ा घोषणा पत्र : पी चिदंबरम

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पेश करते समय कई योजनाओं की शुरूआत की। पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि वित्त मंत्री ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस का घोषणापत्र पढ़ा है। पूर्व वित्त मंत्री ने एक्स पर लिखा, ₹मुझे यह जानकर खुशी हुई कि माननीय वित्त मंत्री ने चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस का घोषणापत्र 2024 पढ़ा। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की भी खुशी है कि वित्त मंत्री ने रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन को अपना लिया है, जो कांग्रेस के घोषणापत्र के

पेज नंबर 30 पर है। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा, मुझे इस बात की भी खुशी है कि उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र के पेज 11 से प्रत्येक ट्रेनी को भत्ते के साथ ट्रेनिंग योजना शुरू की है।₹ उन्होंने वित्त मंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि काश निर्मला सीतारमण कांग्रेस के घोषणापत्र से कुछ और विचार कॉपी कर पातीं। पूर्व वित्त मंत्री ने पर लिखा,₹मुझे यह सुनकर खुशी हुई कि वित्त मंत्री ने एंजल टैक्स को खत्म कर दिया है। कांग्रेस कई सालों से इसे खत्म करने की मांग कर रही थी और घोषणापत्र में पेज 31 पर भी ऐसा ही कहा गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह जल्द ही इस पर आगे बात करेंगे। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की नौ प्राथमिकताओं को सामने रखा, जिसमें रोजगार, कौशल, कृषि और विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने अपना सातवां बजट पेश करते हुए कहा, इस बजट में हम रोजगार, कौशल, टरटए और मध्यम वर्ग पर फोकस करेंगे। उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु अनुकूल किस्मों के लिए कृषि अनुसंधान को बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने ढट मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अपना विश्वास जताया है और ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए इसे फिर से चुना है।

मांग से ज्यादा जरूरत के मुताबिक मिला बजट

“ प्रधानमंत्री ने एक बार फिर मिडिल क्लास फॅमिली को टैक्स के बोझ से दबा दिया है। चुनाव के बाद लगा था कि देश के प्रधानमंत्री जी ने एक बार फिर मिडिल क्लास फॅमिली को टैक्स के बोझ से दबा दिया हैं, चुनाव जीत के बाद लगा था कि टैक्स में राहत दी जाएगी, लेकिन उल्टा हो गया। युवाओं को नौकरी के बदले इर्म्नशिप का झुनझुना वो भी ईएमआई में दिया गया है। केंद्रीय मंत्री को झारखंड का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, लेकिन वे भी कुछ नहीं दिला सके। आश्चर्य है कि बजट में स्वास्थ्य सेवा का जिक्र नही है, उसके बजट को घटाया गया है, जिसका मतलब साफ है कि जनता की जान से भाजपा सरकार को कोई लेना देना नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट आईवाश है। बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विकास फंड देना और झारखंड को उपेक्षित करना आदिवासी विरोधी मानसिकता का परिचायक है।

बन्ना गुप्ता, स्वास्थ्य व खाद्य आपूर्ति मंत्री

“ मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में विशेष रूप से अन्नदाताओं, महिलाओं की समृद्धि, युवाओं के रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित है। बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। शेफाली ने कहा कि यह कृषि क्षेत्र में उत्पादकता और लचीलापन, रोजगार एवं कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास एवं सामाजिक न्याय, विनिर्माण एवं सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा संरक्षण, अवसंरचना, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास और नई पीढ़ी के सुधार, चतुर्दिक समृद्धि एवं सशक्त विकास को समर्पित बजट है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया।

शेफाली गुप्ता, भाजपा की महिला नेता

“ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट पेश किया। महंगाई से जनता त्रस्त है, लेकिन बजट में आम जनों के लिए कुछ भी खास नहीं किया और इस बजट में झारखंड वासियों और झारखंड राज्य के लिये कुछ भी नहीं है। जमीनी स्तर पर इससे किसानों को कोई लाभ नहीं पहुंचेगा। सरकार को बजट में बताना चाहिए था कि पिछले 10 वर्षों में आपने कितनी नौकरियां दीं। इस बजट में जनता को राहत देने वाला कुछ नहीं है केवल आंकड़ों की बाजीगरी है।

मंगल कालिंदी, विधायक, जुगसलाई

“ युवा, गरीब, महिला, किसान सभी के सशक्तीकरण के लिए समर्पित है। यह बजट विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बजट है। आदिवासियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करने की घोषणा की है। 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के लिए घोषणाएं पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी। कौशल और रोजगार सृजन की घोषणाएं ऐतिहासिक हैं।

अर्जुन मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री

“ वर्ष 2024 का आम बजट संतुलित है। बजट में युवा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए व्यापक प्रावधान हैं।उच्च शिक्षा लोन योजना, रोजगार लिंक्ड स्कीम व बारह महीने की इंटर्नशिप स्कीम द्वारा युवाओं को शिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की बात की गई है। यह बजट स्वागत योग्य है।

अभिषेक शुक्ला, युवा आजसू

“ मोदी सरकार ने युवाओं और किसानों को इस बजट के माध्यम से लॉलीपॉप थमा दिया है। मतलब आप लॉलपॉप का आनंद लीजिए और मस्त रहिए। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में युवाओं से पहली नौकरी पक्की गारंटी का वादा किया था. मोदी सरकार ने इस बजट में उसकी नकल की है. लेकिन किसको नौकरी मिलेगी, यह सरकार तय करेगी। इसमें क्या प्रावधान होंगे, यह साफ नहीं किया गया है। इस बजट से किसानों को कोई लाभ नहीं पहुंचेगा। किसानों को जैविक खेती सिखाने वाली कंपनियों को इससे फायदा होने वाला है, लेकिन किसानों के हाथ कुछ भी लगने वाला नहीं है।

डॉ. अजय कुमार, पूर्व सांसद, जमशेदपुर

“ यह बजट केंद्र सरकार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला तथा देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिकाऊ बनाने वाला है। बजट से भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी। आयकर स्लैब में सहूलियत देने का केंद्र सरकार का प्रयास सराहनीय है। इससे मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचेगा। दूसरी ओर, पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम करने तथा जीएसटी में सुधार करने की आम जनता की उम्मीदें पूरी नहीं हो पायी है। कैपिटल गेन पर टैक्स में वृद्धि से भी मध्यम वर्ग को नुकसान होगा। खुदरा कीमतों की वृद्धि की प्रवृति से भी आम जनता के पॉकेट से रोजाना दो-चार-दस रुपये खींचकर बाजार में जाएगा। उम्मीद है कि बजट पर लोकसभा में बहस के दौरान भारत सरकार इसका ध्यान रखेगी कि मध्यम एवं निम्न मध्यम वर्ग को बचत हो और अर्थव्यवस्था में सुधार का लाभ केवल संगठित वर्गों तक ही समित नहीं रहे, बल्कि समाज के असंगठित समूहों को लाभ दिया जा सके।

सरयू राय, विधायक, जमशेदपुर पूर्वी

“ वित्त मंत्री के जरिये पेश किया गया आम बजट देश के नौजवानों, महिलाओं, किसानों, दलित और आदिवासियों को धोखा देने वाला है। दोनों संयुक्त रूप से बजट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। दोनों नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिली शिकस्त के कारण और कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए बजट में सिर्फ घोषणाएं की गई है। पूरे देश में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ और किसानों के सम्मान से खिलवाड़ किया गया है। आवश्यक दिनचर्या और खाद्य पदार्थों पर टैक्स में कोई छूट नहीं दी गई है। इसलिए यह आम बजट पूंजीवाद को फायदा और देश की 80 प्रतिशत जनता मजदूर छात्र नौजवान एवं विकास से वंचित लोगों पर बोझ डालने वाला बजट है। केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों को ध्यान में रखकर बजट बनाया है, जो देश की 80 प्रतिशत जनता के हित में नहीं है।

महेंद्र पाठक व अजय कुमार सिंह

“ एक तरह से देखा जाए तो बजट में राजनीति को साधने की कोशिश की गई है। बिहार और आंध्रप्रदेश को विशेष सहायक इसी रूप में देखी जा सकती है। कुल मिलाकर आम बजट कुछ खास को फायदा पहुंचाने वाला ही जान पड़ता है। इसमें देश के आम लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं है।

जैदी अली रजा, प्रदेश महासचिव, सपा

सुविचार

बुद्धिमान लोगों में खुशी सबसे दुर्लभ चीज है, जो मैं जानता हूं।
-अर्नेस्ट हेमिंग्वे

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Sara Tendulkar's Blue Lehenga...

Ranchi ● Wednesday, 24 July 2024 ● Year : 02 ● Issue : 186 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SHARE

सेंसेक्स	:	80,429.04
निफ्टी	:	24,479.05

SARAFA

सोना	:	6,915
चांदी	:	96.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

सेना ने पुंछ में नियंत्रण रेखा पर विफल की घुसपैठ

JAMMU : जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार तड़के सेना ने नियंत्रण रेखा पर आतंकवादियों की घुसपैठ विफल कर दी। इस दौरान मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर कहा कि सतर्क सैनिकों ने सुबह तीन बजे बट्टल सेक्टर में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों पर प्रभावी ढंग से गोलीबारी करके घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। भारी गोलीबारी के दौरान एक बहादुर जवान घायल हो गया है। सूत्रों के अनुसार हथियारबंद आतंकवादियों के समूह ने कृष्णाघाटी सेक्टर के बट्टल अग्रिम क्षेत्र में घुसने की कोशिश की लेकिन सतर्क सैनिकों ने उनकी हरकतों को भांप लिया और तुरंत कार्रवाई की। भीषण गोलीबारी कर सैनिकों ने आतंकवादियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया।

बांग्लादेशियों के मामले में ममता के बयान पर मांगा जवाब

KOLKATA : पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनकी टिप्पणी पर रिपोर्ट मांगी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे हिंसा-प्रभावित बांग्लादेश के लोगों को 'आश्रय' देंगी। यह जानकारी राजभवन ने मंगलवार को दी है। राजभवन मीडिया सेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बाहरी मामलों को संभालने का अधिकार केंद्र सरकार का है। उन्होंने लिखा, किसी विदेशी देश से आने वाले लोगों को शरण देने का मामला केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। एक मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह की सार्वजनिक घोषणा करना कि वे विदेशी नागरिकों को आश्रय देने की जिम्मेदारी ले रही हैं, संविधान के गंभीर उल्लंघन का संकेत देता है।

कोल्हापुर में बारिश का कहर जारी, 51 मकान ढहे

MUMBAI : कोल्हापुर जिले में बारिश का कहर पिछले चार दिनों से जारी है, जिससे विभिन्न इलाकों में 51 मकान ढह गये हैं। जिले की तीन तहसीलों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से पंचगंगा नदी चेतावनी स्तर को पार कर खतरे के निशान तक पहुंचने को उतावली है। इसके चलते नदी किनारे के गांवों में सतर्कता बरती जा रही है। इसके साथ ही कोल्हापुर शहर के सुतारवाड़ा इलाके के 4 परिवारों के 20 नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कलेक्टर अमोल येडगे ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों के नागरिकों से समय रहते शिफ्ट करने और प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है। बाढ़ की स्थिति के अनुसार कोल्हापुर नगर निगम ने उन स्थानों की सूची की घोषणा की है, जहां 2021 में शहर में बाढ़ का पानी आया है। जैसे-जैसे बाढ़ का स्तर बढ़ता है, वैसे-वैसे नागरिकों को स्थानांतरित करना चाहिए।

हमास और फतह के बीच मतभेद खत्म करने को बीजिंग में बनी सहमति

AGENCY BEIJING : गाजा पट्टी में गहराते युद्ध संकट के बीच फलस्तीन के प्रतिद्वंद्वी समूहों हमास और फतह ने वर्षों से जारी आपसी मतभेदों को खत्म करने के लिए बीजिंग में एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। चीन के सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

गाजा पट्टी में गहराते युद्ध संकट के बीच यह घोषणापत्र फलस्तीनी क्षेत्र में मिलकर सरकार बनाने के मकसद से हमास और फतह को एकजुट करने के लिए जारी कई दौर की बातचीत का नतीजा है। हालांकि, दोनों पक्ष आपसी मतभेद दूर करने के लिए पहले भी कई ऐसे घोषणापत्र पर दस्तखत कर चुके हैं, जो विफल रहे हैं। ऐसे में इस बात को लेकर संदेह पैदा हो गया है कि क्या चीन प्रायोजित वार्ता से वास्तव में कोई समाधान निकल सकता है। इस घोषणापत्र पर ऐसे समय में हस्ताक्षर किए गए हैं, जब इजराइल और हमास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थित संघर्ष-विराम प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं, जो गाजा पट्टी में नौ महीने से जारी युद्ध को समाप्त कर सकता है और हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइली

चीन के विदेश मंत्री की मौजूदगी में घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करते प्रतिनिधि

नागरिकों की आजादी का रास्ता खोल सकता है। हालांकि, समझौते पर सहमति बनने के बावजूद युद्ध के बाद गाजा पट्टी की स्थिति को लेकर संशय बरकरार रहेगा, क्योंकि इजराइल इस क्षेत्र के शासन में हमास की किसी भी भूमिका के खिलाफ है। उसने युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा को फतह-प्रभुत्व वाले फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा संचालित करने के अमेरिका के आह्वान को भी खारिज कर दिया है। युद्ध के बाद गाजा पट्टी के प्रशासन को लेकर अनिश्चितता के कारण संघर्ष विराम वार्ता और जटिल हो गई है।

सरकारी प्रसारणकर्ता 'सीसीटीवी' के मुताबिक, फलस्तीन के दोनों प्रतिद्वंद्वी समूहों ने 'मतभेद खत्म करने और फलस्तीनी एकता को मजबूत करने' के संबंध में बीजिंग घोषणापत्र पर दस्तखत किए।

इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने मंगलवार को इस समझौते को खारिज कर दिया और कहा कि गाजा में हमास एवं फतह का कोई संयुक्त शासन नहीं होगा 'क्योंकि हमास के शासन को कुचल दिया जाएगा।'

चीनी टेलीविजन चैनल 'सीजीटीएन' ने सोशल मीडिया मंच 'वीबो' पर एक पोस्ट में कहा कि फलस्तीन के दोनों प्रतिद्वंद्वी समूहों ने 12 अन्य राजनीतिक गुटों के साथ चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की और इसके साथ ही रविवार को शुरू हुई बातचीत का समापन हुआ।

बीजिंग में हालिया वार्ता के बाद जारी एक संयुक्त बयान में इस संबंध में कोई विवरण नहीं दिया गया है कि सरकार कब और कैसे बनेगी। इसमें केवल यह कहा गया है कि सरकार 'गुटों के बीच सहमति से' बनाई जाएगी।

हमास ने वर्ष 2007 में हिंसक संघर्ष के दौरान फलस्तीन के तत्कालीन राष्ट्रपति महमूद अब्बास के वफादार फतह लड़ाकों को गाजा पट्टी से खदेड़कर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद से ही दोनों समूह एक-दूसरे के विरोधी रहे हैं।

नीट-यूजी 2024 पर सुप्रीम कोर्ट का सुप्रीम फैसला

विवादों से घिरी परीक्षा को रद्द करने से किया इनकार

न्यायालय ने दोबारा परीक्षा की मांग वाली याचिका को किया खारिज

NEW DELHI BHASHA: उच्चतम न्यायालय ने विवादों से घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाओं को मंगलवार को खारिज कर दिया और कहा कि प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से लीक होने और अन्य गड़बड़ियों को दर्शाने वाली कोई सामग्री रिकॉर्ड में नहीं है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं नरेंद्र हुड्डा, संजय हेगड़े और मैथ्यूज नेदुमपरा सहित विभिन्न वकीलों की दलीलें करीब चार दिनों तक सुनीं।

पीठ ने 20 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए फैसले के प्रभावी हिस्से को लिखा और कहा कि विस्तृत फैसला बाद

में सुनाया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह निष्कर्ष निकालने के लिए कोई सामग्री नहीं है कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा के नतीजों में गड़बड़ी हुई है या इसमें प्रणालीगत उल्लंघन है। हालांकि, पीठ ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक की घटना हजारीबाग और पटना में हुई थी- यह तथ्य विवाद का विषय नहीं है। एनटीए और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय पांच मई को आयोजित परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक सहित बड़े पैमाने पर कथित गड़बड़ी को लेकर निशाने पर है। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में मेडिकल संबंधी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) आयोजित करती है। पांच मई को 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर 23.33 लाख छात्रों ने नीट-यूजी 2024 परीक्षा दी थी। इनमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे।

भौतिकी के प्रश्न को लेकर आईआईटी के विशेषज्ञों ने कहा- केवल एक सही उत्तर था

NEW DELHI : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के तीन विशेषज्ञों की समिति ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी 2024' में पूछे गए भौतिकी के एक विवादास्पद प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर था, न कि दो। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने सोमवार को आईआईटी-दिल्ली के निदेशक को भौतिकी के इस विवादित प्रश्न को लेकर तीन विषय विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने तथा मंगलवार दोपहर तक सही जवाब पर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। सुनवाई शुरू होने पर सीजेआई ने रिपोर्ट में लिखी बातों का हवाला दिया और कहा, 'हमें आईआईटी दिल्ली की रिपोर्ट मिली है। आईआईटी निदेशक रंगन बनर्जी ने भौतिकी विभाग की एक समिति गठित की और वे बताते हैं कि तीन विशेषज्ञों की एक टीम ने प्रश्न की जांच की। टीम का कहना है कि चौथा विकल्प सही जवाब है।' सीजेआई ने कहा कि चौथा विकल्प, जो कहता है कि 'पहला कथन सही है, लेकिन दूसरा कथन गलत है', सही जवाब है।

इथियोपिया में भूस्खलन में बच्चों समेत कम से कम 157 लोगों की मौत

ADDIS ABABA : इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 157 लोगों की मौत हो गयी है। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी जिले में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। ज्यादातर लोग सोमवार सुबह हुए भूस्खलन में दब गए, जब बचावकर्मी एक दिन पहले हुए एक अन्य भूस्खलन के बाद पीड़ितों की तलाश कर रहे थे। आयेले ने बताया कि मलबे से पांच लोगों को जीवित निकाला गया। उन्होंने बताया, 'कई बच्चे हैं जो हादसे में अपनी मां, पिता, भाई और बहन समेत पूरे परिवार को खो चुके हैं तथा लाशों से लिपट रहे हैं।' बचाव अभियान जारी रहने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इथियोपिया में जुलाई में शुरू होने वाले बारिश के मौसम में भूस्खलन होना आम है। बारिश का यह मौसम सितंबर मध्य तक जारी रहने की संभावना है।

सीएम ने 256 विशेष परिवारों को दिया आशियाना

हेमंत बोले-कुष्ठाश्रम परिसर कहलाएगा निर्मल आवास

परिसंपत्तियों का वितरण करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को पीएम-आवास योजना (शहरी) अंतर्गत साईं सिटी के पास स्थित नवनिर्मित मुड़मा कुष्ठाश्रम परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस परियोजना का लाभ 256 विशेष परिवारों को मिल रहा है। ये आशियाना एक विशेष समूह के लिए बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं चाहूंगा कि इस परिसर को 'निर्मल आवास' के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति चाहे वे किसी भी वर्ग-समुदाय के हों, जिस स्थिति या परिस्थिति में रह रहे हों उन तक सरकार की आवाज पहुंचे, सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण की योजनाएं पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने 183 चयनित अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित असिस्टेंट टाउन प्लानर, जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल) मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर, माइनिंग इंस्पेक्टर, जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल), स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, पाइपलाइन इंस्पेक्टर पद के 183 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज फिर वही सकारात्मक ऊर्जा एवं उत्साह के साथ राज्य के विकास को गति देने के उद्देश्य से नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। कुछ नियुक्तियां झारखंड लोक सेवा आयोग एवं कुछ नियुक्तियां झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा की गई है।

राष्ट्रगान के लिए मजबूर किए गए युवक की मौत की जांच करे सीबीआई : कोर्ट

NEW DELHI BHASHA : दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 23 वर्षीय एक युवक की मौत से संबंधित मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया, जिसे 2020 में शहर के उत्तर पूर्वी हिस्से में हुए दंगों के दौरान कथित तौर पर पीटा गया और राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किया गया था। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में पुलिस

कर्मियों द्वारा फैजान को चार अन्य मुस्लिम पुरुषों के साथ कथित तौर पर राष्ट्रगान और 'वंदे मातरम' गाने के लिए मजबूर करते हुए एवं पीटते हुए देखा जा सकता है। फैजान की मां ने मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने के लिए याचिका दायर की थी। इस पर फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि अभी तक पहचाने नहीं गए पुलिसकर्मियों पर 'धार्मिक कट्टरता से प्रेरित' होकर मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन करने का आरोप हैं। यह तथ्य कि अपराधी स्वयं जांच एजेंसी के सदस्य हैं, भरोसा पैदा नहीं करता है। न्यायमूर्ति भंभानी ने टिप्पणी की कि पुलिस जांच के दौरान घृणा अपराधों से तत्परता से निपटने के फैसले की भावना को पूरा नहीं किया गया है।

मध्यप्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी नीति में संशोधन को मिली मंजूरी

BHOPAL : मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी नीति-2023 में संशोधन को मंजूरी दी, जिससे राज्य में अपना कारोबार स्थापित करने वाली कंपनियों को कई लाभ मिलेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में 'मध्यप्रदेश आईटी, आईटीईएस (सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं) और ईएसडीएम (इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण)' निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 में संशोधन को मंजूरी दी गई।

एसीबी ने एसआई को 20 हजार घूस लेते रंगेहाथ किया गिरफ्तार

LATEHAR : पलामू के एंटी करप्शन ब्यूरो ने लातेहार के बारियातू थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक (एएसआई) धीरेंद्र कुमार को 20 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी ने बताया कि बारियातू थाना में अफीम रखने के मामले में एक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में वादी के भतीजे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

एएसआई धीरेंद्र कुमार ने कुछ दिनों बाद इसी कांड में वादी को फंसाने की धमकी देकर तीन लाख रुपये की मांग की थी। वादी ने पैसे देने से इनकार कर दिया, लेकिन एएसआई ने वादी पर लगातार पैसे के लिए दबाव बनाया। इसके बाद वादी ने एसीबी से इसकी शिकायत की। एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक ने इस मामले का सत्यापन किया। मामला सत्य पाए जाने पर एसीबी की पलामू छापेमारी टीम ने दंडाधिकारी और दो स्वतंत्र गवाहों के सामने धीरेंद्र कुमार को 20 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया। धीरेंद्र कुमार बिहार के कैमूर जिले के हरिनाथपुर स्थित अहिनौरा गांव के रहने वाले हैं।

अनुसंधान | तपेदिक के 100 साल पुराने टीके में नई शक्ति जोड़ने की पहल

और बढ़ेगी नौ हजार साल पुरानी बीमारी से लड़ने की क्षमता

WITWATERSRAND : तपेदिक 9,000 साल से भी अधिक पुराना है। यह सबसे संक्रामक जीवाणु रोग है और 2022 में एक करोड़ छह लाख लोग इससे बीमार पड़े। इनमें से 23 प्रतिशत अफ्रीका में थे। तपेदिक के खिलाफ एकमात्र टीका, बैसिलस कैलमेट-गुएरिन (बीसीजी) टीका, 100 वर्ष से अधिक पुराना है और मुख्य रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए प्रभावी है। यूनिवर्सिटी ऑफ विटवाटरसैंड स्कूल ऑफ पैथोलॉजी के शोधकताओं ने बीसीजी को अधिक प्रभावी बनाने के लिए जीन-संपादन करके टीका विकास में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

प्रमुख शोधकताओं में से एक, माइक्रोबायोलॉजिस्ट बवेश काना, द कन्वरसेशन अफ्रीका के नादिन ड्रेयर को इस सफलता के पीछे का विज्ञान और अन्य टीकों के लिए इसकी क्षमता के बारे में बताते हैं।

टीके कैसे काम करते हैं?

टीके मुख्य रूप से खतरनाक संक्रामक एजेंटों की नकल करके काम करते हैं। आप चाहते हैं कि आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली वैक्सीन को 'आक्रमणकारी' के रूप में पहचाने और फिर इसके प्रति प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करे। लेकिन आप नहीं चाहेंगे कि आक्रामक एजेंट आपको बीमार कर दे। यह समझने के लिए कि टीके कैसे काम करते हैं, यह देखने में मदद मिलती है कि

प्रतिरक्षा प्रणाली कैसे काम करती है, क्योंकि टीके आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली की प्राकृतिक गतिविधि का उपयोग करते हैं।

प्रतिरक्षा प्रणाली: जठरांत्र पथ में लगभग 100 खरब बैक्टीरिया और वायरस होते हैं। बैक्टीरिया, वायरस या अन्य रोग पैदा करने वाले रोगजनकों की सतह पर मौजूद प्रोटीन और शर्करा का आकार मानव शरीर में मौजूद प्रोटीन और शर्करा से भिन्न होता है। ये मार्कर रोगजनक से जुड़े आणविक पैटर्न हैं, जिन्हें आमतौर पर पीएएमपी के रूप में जाना जाता है। कोरोनोवायरस पर स्पाइक्स के बारे में सोचें। तो, आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली आक्रमणकारियों को तुरंत पहचान लेती है। और शरीर घटनाओं की एक जटिल श्रृंखला से लड़ता है जिसमें कई अलग-अलग प्रकार की श्वेत रक्त कोशिकाएं एक साथ काम करती हैं। एक प्रकार की श्वेत रक्त कोशिका आक्रमणकारियों से लड़ने के लिए एंटीबॉडी बनाने में सक्षम है। ये एंटीबॉडी बैक्टीरिया की सतह पर प्रोटीन या शर्करा से चिपक सकते हैं, और यह बैक्टीरिया को मारता है या उन्हें निष्क्रिय कर देता है। उनका आकार बिल्कुल सही होना चाहिए, कुछ-कुछ दरवाजे में फिट होने वाली चाबी की तरह। इन श्वेत रक्त कोशिकाओं को बी-कोशिकाओं के रूप में जाना जाता है। सही आकार की एंटीबॉडीज का उत्पादन करने में कई दिन लग सकते हैं। इस समय तक आपके शरीर में रोग पैदा करने वाले अरबों बैक्टीरिया हो सकते हैं। एक बार जब सही कोशिकाएं सक्रिय हो जाती हैं, तो वे तेजी से विभाजित हो जाती हैं और एक उत्पादन लाइन में बदल जाती हैं, जिससे एंटीबॉडी का समूह बनता है जो हमलावर एजेंटों से चिपक जाते हैं और उन्हें निष्क्रिय कर देते हैं। अंततः, आपका शरीर सभी आक्रमणकारियों से छुटकारा पा लेता है और आप स्वस्थ हो जाते हैं। एंटीबॉडीज रक्त में रहती हैं, और कुछ श्वेत रक्त कोशिकाएं विशिष्ट बैक्टीरिया के लिए स्मृति कोशिकाएं भी बन सकती हैं, यदि वे शरीर पर फिर से आक्रमण करते हैं। तो उपकरणों के इस संग्रहित शस्त्रागार के साथ प्रतिरक्षा प्रणाली भविष्य के आक्रमणों पर तुरंत प्रतिक्रिया करेगी।

टीके: टीके प्रतिरक्षा प्रणाली की तरह ही काम करते हैं। उनमें कमजोर या मृत बैक्टीरिया या वायरस या सतह से केवल कुछ प्रोटीन या शर्करा होते हैं। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को यह विश्वास दिलाने के लिए पर्याप्त है कि एक वास्तविक आक्रमणकारी शरीर में प्रवेश कर चुका है।

21 चालक दल के सदस्यों में से एक की मृत्यु

अरब सागर में पनामा के जहाज में लगी आग पर पाया गया काबू

AGENCY NEW DELHI : अरब सागर में पनामा के मालवाहक जहाज एमवी मैरस्क फ्रैंकफर्ट में लगी आग पर भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने पांचवें दिन काबू पा लिया है। रासायनिक विशेषज्ञों सहित चार सदस्यीय बचाव दल को सफलतापूर्वक जहाज पर चढ़ा दिया गया है। आग की घटना में मैरस्क फ्रैंकफर्ट के 21 चालक दल के सदस्यों में से एक की मृत्यु हो गई है। इस ऑपरेशन में आईसीजी के तीन जहाजों और एडवांस लाइट हेलीकॉप्टरों को लगाया गया है।

गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह से श्रीलंका के कोलंबो जा रहे जहाज एमवी मैरस्क फ्रैंकफर्ट में 19

जुलाई को गोवा से लगभग 102 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में आग लग गई थी। यह जहाज अंतरराष्ट्रीय समुद्री खतरनाक सामान (आईएमडीजी) कार्गो ले जा रहा था। अचानक आग लगने के बाद व्यापारिक जहाज के अगले हिस्से में विस्फोट ?होने से आग तेजी से भड़क गई। इस जहाज पर चालक दल के 21 सदस्यों में 17 फिलिपिनो, दो यूक्रेनी, एक मोंटेनिग्रिन और एक रूसी थे।

BRIEF NEWS

आज डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देने का लिया संकल्प

RANCHI : झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व प्रत्याशी हटिया विधानसभा क्षेत्र विजय शंकर नायक 24 जुलाई 2024 को 10 बजे डोमिसाइल आंदोलन में हुए शहीदों की 22 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि स्मरण हो कि 24 जुलाई 2002 के डोमिसाइल स्थानीयता नीति एवं नियोजन नीति के आंदोलन में अपने अधिकार, अस्तित्व एवं राज्य की नौकरियों में अपने हिस्सेदारी को लेकर आदिवासी मूलवासी समाज द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन में हमारे क्रांतिकारी आंदोलनकारी साथी वीर शहीद कैलाश कुजूर, विनय तिग्गा एवं संतोष कुंकल ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनकी 22वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 24 जुलाई 2024 को समय प्रातः 10 बजे स्थान त्रिमूर्ति चौक मेंकोन कॉलोनी डोरंडा रांची में विजय शंकर, आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन शहीदों को माल्यार्पण कर संकल्प लेंगे।

जेएसएससी की सहायक आचार्य परीक्षा अब 28 को

RANCHI : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से सहायक आचार्य की कक्षा छह से आठवीं के लिए अब 28 जुलाई को परीक्षा होगी। यह परीक्षा 25 जुलाई को होने वाली थी, लेकिन इस दिन नक्सली बंदी के वजह से स्थगित कर दी गई है।

आदिवासी छात्र संघ ने पारा शिक्षकों को समर्थन देने का किया एलान

RANCHI : आदिवासी छात्र संघ ने झारखंड के पारा शिक्षकों के समर्थन घोषणा की है। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के संगम उरांव ने कहा कि पारा शिक्षकों की स्थिति को लेकर जो संघर्ष चल रहा है, वह न केवल उनके अधिकारों के लिए, बल्कि पूरे शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता के लिए भी महत्वपूर्ण है। पारा शिक्षक हमारे शिक्षा तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं। पारा शिक्षकों ने अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अनेक विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार उपलब्ध कराया। इन शिक्षकों को उचित मानदेय, स्थिरता और सम्मान मिलना ही चाहिए।

बारिश में भी हड़ताल पर डटे रहे मनरेगा कर्मी

RANCHI : झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ का अनिच्छित कालीन हड़ताल का आज दूसरा दिन भारी बारिश मे भी जारी रहा। राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में मनरेगा कर्मचारी हड़ताल पर डटे रहे। संघ ने अपना नैतिक समर्थन झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ को लिखित रूप में दिया। संघ के ब्रजेश कुमार ने राज्य भर से आए बीएफटी संघ को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा संघ की मांगे जायज है। जिस तरह मनरेगा कर्मियों से काम लिया जाता है उतना मानदेय नहीं दिया जाता है। जो अन्यायपूर्ण है। यही स्थिति बीएफटी कर्मियों की भी हैं।

हाईकोर्ट ने चिकित्सा में लापरवाही से संबंधित याचिका की सुनवाई के दौरान कहा-

रिम्स में चिकित्सा व्यवस्था में हो सुधार वरना इसे बंद करना बेहतर

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में चिकित्सा में लापरवाही से संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान रिम्स की कुव्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से मौखिक कहा कि या तो रिम्स में चिकित्सा उपकरण, मेडिकल फैसिलिटी सहित आधारभूत संरचना उपलब्ध कराई जाए अन्यथा इसे बंद करना ज्यादा बेहतर होगा। कोर्ट ने कहा कि रिम्स में मेडिकल सुविधाओं का अभाव, मरीज के देखभाल में लापरवाही अक्सर देखने को मिलता है। रिम्स की व्यवस्था सही नहीं रहने पर लोग प्राइवेट अस्पतालों के शरण में जा रहे हैं। रांची शहर में ही कई प्राइवेट अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे इन प्राइवेट अस्पतालों की संख्या झारखंड में दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। प्राइवेट अस्पतालों और नर्सिंग होम में हेल्थ केयर की जगह वेल्थ केयर पर ध्यान रखा जाता है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल करने का आग्रह किए जाने पर मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि शपथ पत्र में राज्य सरकार की ओर से ऐसी बातें कही जाती हैं, जिससे लगता है कि स्विट्जरलैंड में हैं। कोर्ट ने पिछले पांच सालों में झारखंड में क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं लेने वाले नर्सिंग होम एवं अस्पतालों पर कार्रवाई और इस एक्ट का अनुपालन नहीं वालों पर लगे जुमार्ना के संबंध में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को बताने को कहा है कि क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट का अनुपालन नहीं करने वाले अस्पताल एवं नर्सिंग होम पर कितना जुमार्ना लगाया गया है। मामले के अगली सुनवाई आठ अगस्त को होगी। याचिकाकर्ता के पिता की मौत मेदांता, रांची में अक्टूबर 2017 को इलाज में लापरवाही की वजह से हुई थी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर झारखंड में क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने एवं इस एक्ट का अनुपालन करने का निर्देश अस्पतालों को देने का आग्रह किया गया था। बाद में कोर्ट ने इस विषय में वृहत संभावनाओं को देखते हुए इसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था।

सड़कों पर फेंके रहते हैं बायोमेडिकल वेस्ट

राज्य में नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर झारखंड ह्यूमन राइट कनफेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने डायरेक्टर इन चीफ, हेल्थ डिपार्मेंट के शपथ पत्र पर असंतोष जताया। मौखिक कहा कि डायरेक्टर इन चीफ, हेल्थ ने दावा किया है कि झारखंड के 1633 प्राइवेट और पब्लिक नर्सिंग होम से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पादन कर दिया जाता है। बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट के साथ इन सभी 1633 नर्सिंग होम का करार है, जिससे उनके मेडिकल वेस्ट का प्रतिदिन उठाव किया जाता है। कोर्ट ने उनके इस जवाब पर आश्चर्य जताते हुए मौखिक कहा कि झारखंड में नर्सिंग होम के निकट सड़कों पर मेडिकल वेस्ट फेके रहते हैं, बायोमेडिकल वेस्ट का डिस्पोजल नहीं होता है।

साइबर ठगी के पांच दोषियों को पांच पांच साल की सजा और जुमार्ना

RANCHI : पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को बैंक अधिकारी बनकर करोड़ों की साइबर ठगी करने के पांच दोषियों को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने सभी पर ढाई-ढाई लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। अदालत में पांचों को बीते शनिवार को दोषी करार दिया था। दोषियों में गणेश मंडल, प्रदीप मंडल, संतोष मंडल, पिंटू मंडल और अंकुश कुमार मंडल शामिल हैं। सभी जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा गांव निवासी हैं इनमें चार बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जबकि एक देवघर जेल में बंद है। सुनवाई के दौरान अंकुश को वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अन्य सभी सशरीर अदालत में उपस्थित थे।मामले में ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक अतीश कुमार ने 24 गवाहों को प्रस्तुत किया। साथ ही काफी संख्या में दस्तावेज को चिन्हित कराया गया। दोषियों पर फर्जी पते पर सिम कार्ड लेने और बैंक अधिकारी बनकर लोगों को कॉल करके साइबर अपराध करने का आरोप है। सभी केवाईसी अपडेट करने के नाम पर ओटीपी पूछकर उनके खातों से पैसे निकाल लेते थे। ईडी ने साइबर अपराध के किसी मामले में पहली बार छह अगस्त, 2018 को मनी लांड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था। जांच पूरी करते हुए ईडी ने 27 मई, 2019 को पांचों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में इनके खिलाफ 13 दिसंबर, 2019 को आरोप गठित किया गया।

राज्य के सभी मंदिरों, मठों और धर्मशालाओं को

15 दिनों के भीतर पंजीयन कराने का दिया गया निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड ने राज्य के सभी मंदिर, धर्मशाला, मठ, चैरिटेबल ट्रस्ट को रजिस्ट्रेशन कराने को कहा है। इस संबंध में बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक की ओर से सूचना भी जारी की गयी है। इसमें कहा गया है कि हिन्दू विधि द्वारा मान्यता प्राप्त धार्मिक, पवित्र या चैरिटेबल के लिए विद्यमान या आन्वयिक न्यास ह्यधार्मिक न्यासह्व है। इसके अंतर्गत मंदिर, मठ, धर्मशाला एवं चैरिटेबल ट्रस्ट हो सकते हैं। ऐसे सभी धार्मिक न्यासों को झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड, रांची से अधिनियम की धारा-34 (हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950) के अंतर्गत पंजीयन कराना कानूनी अनिवार्यता है। ऐसे में झारखंड में अवस्थित मंदिर, मठ, धर्मशाला एवं चेयरमैन ट्रस्ट के प्रबंधकों को आगामी 15 दिनों के अंदर इन धाराओं का अनुपालन हर हाल में करना अनिवार्य होगा। इनमें धारा-34 के तहत धार्मिक न्यास का बोर्ड से पंजीकरण कराना शामिल है। धारा-58 के आदेशों, निदेशों का पालन, धारा-59 के तहत न्यास का ब्यौरा-विवरण निर्धारित फॉर्मेट में बोर्ड को भेजना, धारा-60 के तहत न्यास के आगामी वित्त वर्ष के आय-व्यय का बजट विवरण 15 जनवरी तक बोर्ड में दाखिल करना तथा धारा-70 के तहत न्यास के सकल वार्षिक आय में 20 प्रतिशत राशि और न्यास द्वारा देय सरकारी कर राशि को घटा कर शेष शुद्ध आय का पांच प्रतिशत पर्षद शुल्क बोर्ड कार्यालय में अविलंब जमा करना शामिल है। बोर्ड के मुताबिक, अगले 15 दिनों के भीतर जारी किए गए निदेशों का पालन नहीं किए जाने पर चिह्नित धार्मिक न्यासों के प्रबंधकों, व्यवस्थापकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

झामुमो के कोल्हान प्रमंडल के पंचायत स्तरीय कार्यकताओं की बैठक आयोजित

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला के पंचायत स्तरीय कार्यकताओं की बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराई भवन के सभागार में मंगलवार को हुई। बैठक में राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में आए सभी कार्यकताओं को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित किया। इस दौरान सोरेन ने कार्यकताओं में उत्साह तथा ऊर्जा भरा। मौके पर गांडेय विधानसभा क्षेत्र से विधायक कल्पना सोरेन ने कार्यकताओं को योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कार्यकताओं के मन में राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में उठ रही जिज्ञासाओं को शांत किया तथा संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम करने की बात कही। बैठक में कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला के जिला समिति के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव, नगर, महानगर समिति के पदाधिकारी, प्रखंड समिति के पदाधिकारी तथा पंचायत समिति के अध्यक्ष तथा सचिव शामिल थे।

बैठक को संबोधित करते झामुमो नेता। ● फोटोन न्यूज

डीटीओ ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

RANCHI : सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाने को लेकर रांची डीटीओ अखिलेश कुमार एवं सड़क सुरक्षा अभियंता गौरव कुमार के द्वारा दीपाटोली कैंप में कारगिल विजय दिवस पर हथियार तथा उपकरणों का प्रदर्शन करते हुए सड़क सुरक्षा का स्टॉल लगाया गया। इस समारोह में उपस्थित आर्मी ट्रक ड्राइवर्स तथा एनसीसी कैडिडेट का संयुक्त रूप से कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसमें डीटीओ अखिलेश कुमार सड़क सुरक्षा अभियंता गौरव कुमार एवं आर्मी पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे। गौरव ने टश अू३ तथा इसके उल्लंघन करने वालों पर की जाने वाली कार्रवाई के संदर्भ में बताया। सड़क दुर्घटनाओं में हिट एंड रन से संबंधित जानकारी दी। डीटीओ ने जिलेवासियों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन जरूर करे।

सहायक पुलिसकर्मियों ने आंदोलन को और आगे बढ़ाने का किया एलान

PHOTON NEWS RANCHI : सहायक पुलिसकर्मियों ने सरकार के साथ सोमवार को बैठक में आंदोलन समाप्त करने की घोषणा के बाद मंगलवार को एक बार फिर से आंदोलन को आगे जारी रखने का ऐलान किया है।झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश संगठन के अध्यक्ष अविनाश द्विवेदी और सचिव विवेकानंद गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ हुई वार्ता में जिन बिंदुओं पर सहमति बनी है यदि वह मांग 24 तारीख को होने वाली कैबिनेट में मान ली जाती तभी वे आंदोलन समाप्त करेंगे। जब तक सरकार उनकी मांगों को कैबिनेट में नहीं ले आती है तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर मौजूद सहायक पुलिसकर्मी उज्जवल कुमार ने कहा कि सोमवार को भारी मानसिक दबाव के बीच अधिकारियों और विधायकों ने उनसे वार्ता की। दबाव डालकर उनसे आंदोलन समाप्त करवाने की घोषणा कराई गई लेकिन किसी भी दबाव के आगे वो नहीं झुकेंगे और अपने आंदोलन को जारी रखेंगे। सहायक पुलिसकर्मियों का आरोप है कि हर साल उनके साथ छल किया जा रहा है। वर्ष 2020 में मंत्री मिथिलेश ठाकुर और 2021 में विधायक बंधु तिर्की ने आश्वासन दिया था लेकिन उस पर कुछ नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि दो जुलाई से सहायक पुलिसकर्मी रांची के मोरहाबादी मैदान में विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। बीते सोमवार को सरकार की ओर से गठित समिति के साथ हुई बैठक के बाद पांच बिंदुओं पर सहमति बनी थी। इसके बाद उन्होंने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की थी लेकिन मंगलवार को सभी सहायक पुलिस कर्मियों से सहमति बनने के बाद आंदोलन जारी रखने की बात कही जा रही है।

विश्व आदिवासी दिवस के लिए संगठनों ने शुरू कर दी तैयारी

PHOTON NEWS RANCHI : विश्व आदिवासी दिवस को लेकर केन्द्रीय सरना समिति एवम विभिन्न आदिवासी संगठनों ने अपनी ओर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसको लेकर मंगलवार को मोरहाबादी चिल्ड्रेन पार्क में एक बैठक हुई। इस बैठक नेतृत्व केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने किया इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को भव्य तरीके से मनाया जाएगा। आदिवासी परंपराओं के अनुसार धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर विकास टोप्पो, अजीत उरांव, अनिल लिंडा,रुपचंद तिर्की, विजय कच्छप, गएना कच्छप, सचिन कच्छप, मुन्ना मिंज, जयंत कच्छप, सिता खलखो, विनिता, फूलजेनसिया लिंडा सुभानी, सुचीता, लोग उपस्थित थे।

सीईओ की मतदाताओं से अपील ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नाम जांच लें

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ के द्वारा इस मतदाता सूची के प्रारूप को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे 25 जुलाई को सुबह अपने मतदान केंद्र जाकर अपना नाम इस ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में जरूर चेक कर लें। यदि कोई विसंगति हो तो तत्काल अपने बीएलओ को बताएं। के. रवि कुमार राज्य में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशिष्ट संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को होने वाले मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संदर्भ में निर्वाचन सदन में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि लोग चाहें तो घर बैठे ही निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन माध्यमों जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से भी अपना नाम जांच सकते हैं। मतदाता मोबाइल से एसएमएस के माध्यम से भी मतदाता सूची में अपना नाम जांच सकते हैं। इसके लिए अपने नंबर से आईसीआई लिखकर फिर एक स्पेस देकर अपना मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नंबर लिखकर 1950 पर मैसेज करने से मतदाता पंजीकरण से जुडी जानकारी मेसेज से ही उपलब्ध हो जाएगी।

राष्ट्रीय युवा शक्ति ने सड़क पर धनरोपनी कर जताया विरोध

PHOTON NEWS RANCHI : सड़क की जर्जर हालत पर राष्ट्रीय युवा शक्ति ने मंगलवार को रातू रोड गैलक्सी मॉल के समीप सड़क पर धान रोपनी कर विरोध जताया। राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव के नेतृत्व में धान रोपनी कार्यक्रम किया गया। मौके पर यादव ने कहा कि शास्त्री चौक से मधुकम, साई बिहार कॉलोनी, विद्यानगर, यमुनानगर, चूना भट्ठा, हरमू रोड, जाने वाले रास्ते पर काफी दिनों से बड़े-बड़े गड्ढे हैं। हर दिन घटना-दुर्घटना हो रही है। नगर निगम और रांची के जितने भी जनप्रतिनिधि हैं, सभी गहरी नींद में सोए हुए हैं। सड़कों की स्थिति और रोजाना हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय युवा शक्ति ने सड़क पर धान रोपनी कर विरोध जताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंटू वर्मा, अनिल वर्मा, बबलू टोप्पो, सोनू मेहरा, रिंकू कुमार, मंटू कुमार, बिरजू कुमार, बालेसर साहू, उमेश साहू, रंजन माथुर, आर्यन मेहता, रोहित यादव, निखिल गुप्ता, रवि सिंह, मिक्की कुमार, विशाल साहू और अजीत सहित अन्य शामिल थे।

आदर्श विद्यालय परियोजना के तहत शिक्षकों का दस दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

24 जिलों में 439 विद्यालय बनेंगे आदर्श स्कूल

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला विद्यालय, रांची के सभागार में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् रांची एवं स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची के आदेशानुसार मुख्यमंत्री उत्कृष्ट अरळश्र एएसटीवीएस जिला विद्यालय, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट टीवीएस जगरनाथपुर, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय बरियातू, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट आदर्श विद्यालय काके, एवं मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नामकुम के 36 शिक्षकों को कंप्यूटर विषय पर दस दिवसीय प्रशिक्षण का एएसटीवीएस जिला विद्यालय के एक्टिंग प्रिंसिपल श्रीमती मंजुला एक्का के द्वारा शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आदर्श विद्यालय परियोजना और मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय परियोजना के अंतर्गत संचालित किये जा रहे विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु शिक्षकों में कंप्यूटर के बारे में बुनियादी जानकारी देना और उनकी शैक्षिक दक्षता को बढ़ाना है। इस दस दिवसीय प्रशिक्षण में मुख्यतः परियोजना द्वारा लगाये गए उबंटू लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में शिक्षकों का कौशल विकास करना है। साथ ही प्रशिक्षण में लिब्रे ऑफिस-राइटर, वर्ड प्रोसेसिंग, मैनेजिंग स्प्रेडशीट यूजिंग लिब्रे ऑफिस, लिब्रे ऑफिस के उपयोग से प्रेजेंटेशन तैयार करना, हिंदी और इंग्लिश स्क्रिप्ट टाइपिंग टेक्स्ट एवं अन्य आधारभूत चीजों के बारे में बताया जायेगा। प्रशिक्षण में झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा उपलब्ध कराये गए रिसोर्स के उपयोग के बारे में भी बताया जायेगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं अतिथि। ● फोटोन न्यूज

अंग्रेजी माध्यम में बदले जा रहे विद्यालय

प्रखंड स्तर 325 विद्यालयों को आदर्श विद्यालय एवं 34 विद्यालयों को इंग्लिश मीडियम विद्यालय के तौर पर विकसित किया जा रहा है। इन विद्यालयों में कम से कम 10 कंप्यूटर एवं 20 कंप्यूटर का आई.सी.टी लैब एवं तीन डिजिटल स्मार्ट क्लास स्थापित किया जाता है जो उबंटू लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम पर आधारित होता है। प्रशिक्षण में स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के डी०ई०एफ दीपक कुमार, मास्टर ट्रेनर्स आशीष कुमार पंडित, पवन कुमार एवं अबु बकर मौजूद थे।

हटिया-बर्धमान मेमू एक्स. रद्द, 30 मिनट विलंब से चलेगी धनबाद-भुवनेश्वर ट्रेन

PHOTON NEWS RANCHI : दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल में ब्लॉक करने के कारण धनबाद स्टेशन होकर चलने वाली 13504 व 13503 हटिया-बर्धमान मेमू एक्सप्रेस 23, 25 और 29 जुलाई को रद्द रहेगी। 25 और 29 जुलाई को धनबाद से चलने वाली ट्रेन संख्या 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल को धनबाद से 30 मिनट विलंब से चलेगी। वहीं उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के प्रयागराज स्टेशन पर चल रहे उन्नयन कार्यों के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने वाला है। गोमो स्टेशन होकर चलने वाली ट्रेन संख्या 18609 रांची- लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस को पं. दीन दयाल उपाध्याय-मिजार्पुर- प्रयागराज छिवकी-माणिकपुर होकर 24 जुलाई तक चलाया जाना था। इसकी अवधि में विस्तार किया गया है। अब यह ट्रेन 14 अगस्त तक इसी परिवर्तित मार्ग से चलेगी। इस दौरान प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ट्रेन का अतिरिक्त ठहराव होगा। ट्रेन संख्या 18610 लोकमान्य तिलक-रांची एक्सप्रेस माणिकपुर-प्रयागराज छिवकी- मिजार्पुर-पंडित दीन दयाल उपाध्याय होकर 19 जुलाई तक चलाना था। लेकिन इस अवधि में विस्तार किया गया है, यह ट्रेन नौ अगस्त तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी। इस दौरान इसका भी अतिरिक्त ठहराव प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर होगा। वहीं ट्रेन संख्या 12816 आनंद विहार- पुरी एक्सप्रेस को कानपुर- लखनऊ- पंडित दीन दयाल उपाध्याय होकर 25 जुलाई तक चलाया जाना था। अब यह ट्रेन 15 अगस्त तक परिवर्तित मार्ग से ही चलेगी। धनबाद स्टेशन होकर चलने वाली ट्रेन संख्या 12495 बीकानेर-कोलकाता एक्सप्रेस आगरा कैंट-बीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय होकर 25 जुलाई तक चलना था। लेकिन अब यह ट्रेन आठ अगस्त तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी। आगरा कैंट और प्रयागराज छिवकी पर इसका अतिरिक्त ठहराव होगा।

पूर्वी सिंहभूम में बनेगा बालिका गृह व कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल

उपायुक्त ने की बाल संरक्षण इकाई, संप्रेक्षण गृह, बाल गृह, ओल्ड एज होम की सुविधाओं की समीक्षा

PHOTON NEWS JSR:
पूर्वी सिंहभूम में बालिका गृह एवं कामकाजी महिलाओं (वर्किंग वीमेन) के लिए हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए उपायुक्त अनन्य मित्तल ने प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला बाल संरक्षण ईकाई की समीक्षा बैठक की। इसी क्रम में उन्होंने जिले में किशोर न्याय अधिनियम एवं नियमावली तथा समाज कल्याण विभाग के जिला बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत संचालित विभिन्न संस्थानों की गतिविधियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिले में संचालित संप्रेक्षण गृह, बाल गृह, विशेष दत्तक ग्रहण संस्थान, ओल्ड एज होम में रह रहे बच्चों एवं बुजुर्गों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी उन्होंने

बैठक को संबोधित करते उपायुक्त ● फोटोन न्यूज

जानकारी ली। इसके साथ ही मिशन वात्सल्य योजना, स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर आदि की समीक्षा की। उपायुक्त ने बाल संरक्षण गृहों में रह रहे बच्चों के सुचारू पठन-पाठन, उन्हें विभिन्न शारीरिक-मानसिक गतिविधियों से जोड़ने, सभी गृहों में नियमित अंतराल पर बच्चों की स्वास्थ्य जांच करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण समिति यह सुनिश्चित करे कि देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले नवजात, परित्यक्ता, बेसहारा, लावारिस, कूड़ा बीनने वाले उपेक्षित बच्चे, बाल श्रमिक, बाल विवाह, बाल वेश्यावृत्ति, असाध्य रोगों से पीड़ित बच्चे एवं अन्य किसी प्रकार के शोषण से पीड़ित बच्चे जिनकी उम्र 0 से 18 वर्ष के बीच हो, उन्हें बेसहारा और उपेक्षित होने से बचाना है। समिति की बैठक नियम व सरकार के आदेश के अनुसार समय-समय पर की जानी है। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

योजना के स्थल पर विवाद हो तो दूसरा स्थान चुनें : डीडीसी

JAMSHEDPUR : उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर मंगलवार को विधायक मद अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं डीसी (डिटेल कंटींजेंट) विपत्र की समीक्षा बैठक हुई। उपविकास आयुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधानसभावार लंबित डीसी विपत्र की समीक्षा में निर्देश दिया गया कि 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 की लंबित योजना को पूर्ण करते हुए डीसी बिल जमा करें। 2024-25 में जिन योजनाओं की अनुशंसा प्राप्त है, उनका प्राक्कलन 31 जुलाई तक जिला कार्यालय में जमा करें। निर्देश दिया गया कि लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाए। स्थल विवाद के कारण कोई योजना प्रारंभ नहीं होने पर स्थानीय विधायक से अनुशंसा लेकर दूसरे स्थल का चयन कर योजना प्रारंभ करना है।

भवनों से जुड़े प्रश्नों का जवाब विस को उपलब्ध कराएं : ग्लेन गॉलस्टन

बैठक को संबोधित करते सभापति ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : परिसदन में मंगलवार को झारखंड विधानसभा की आवास समिति के सभापति ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन की अध्यक्षता व डीडीसी मनीष कुमार समेत जिला स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में समिति की समीक्षा बैठक हुई। इसमें विभाग अंतर्गत आवास एवं भवन निर्माण से संबंधित झारखंड विधानसभा में उठाए गए इस जिले से संबंधित अलग-अलग प्रश्नों पर चर्चा की गई। तत्पश्चात गॉलस्टन ने संबंधित प्रश्नों पर आधारित रिपोर्ट विधानसभा कार्यालय को उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। बैठक में गॉलस्टन ने जिला अंतर्गत पूर्व में बनाए गए सरकारी भवनों व आवासों की मौजूदा स्थिति, अग्नि नियंत्रण व तड़ित चालक जैसे सुरक्षा मानकों, पेयजल सुविधा, की जानकारी ली।

विद्यालयों में करें बायोमीट्रिक अटेंडेंस की जांच : उपायुक्त

बैठक को संबोधित करते उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ● फोटोन न्यूज

SARAIKELA : सरायकेला-खरसावां के समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा हुई। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि ऐसे विद्यालय जहां बायोमीट्रिक अटेंडेंस नहीं बन रही है, वहां प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से जांच कराएं तथा ऐसे बच्चे जिनका बैंक खाता नहीं खुल रहा है, उनकी सूची तैयार कर अग्रणी बैंक प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर शत प्रतिशत बच्चों का बैंक खाता खोलते हुए उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराएं। इसके अलावा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में लंबित नामांकन कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने जिला में शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए सभी शिक्षक अपनी मानसिकता बदल कर पूर्ण जबाबदेही के साथ कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय में बेहतर वातावरण बनाकर खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा प्रदान करें, ताकि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाई जा सके। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर ड्रॉपआउट बच्चों को चिह्नित करते हुए विद्यालय से जोड़ें तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न विद्यालयों में पेयजल व शौचालय तथा मरमत कार्य से संबंधित संचालित एवं लंबित कार्य का समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए।

जमशेदपुर से 55 हिंदू तीर्थयात्री द्वारिका-सोमनाथ हुए रवाना

यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीडीसी ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : झारखंड सरकार के टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्वाधान में पूर्वी सिंहभूम के 55 हिंदू तीर्थयात्री (अटेंडर सहित) मंगलवार को द्वारिका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए। समाहरणालय परिसर से सुबह 8.30 बजे इन्हें उपविकास आयुक्त मनीष कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी ने बस द्वारा रांची स्थित हटिया रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। रांची से तीर्थ यात्रियों का दल रेल मार्ग द्वारा द्वारिका-सोमनाथ प्रस्थान करेगा। सात दिवसीय तीर्थ यात्रा 23 जुलाई से प्रारंभ होकर 30 जुलाई को समाप्त होगी। झारखंड सरकार द्वारा आयोजित तीर्थ स्थल दर्शन में ऐसे नागरिकों को शामिल किया गया है, जो झारखंड के निवासी हैं, उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है, वे बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आते हैं तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं ।

रेलवे अर्बन बैंक के चुनाव के लिए आज 2 बजे से होगा मतदान

JAMSHEDPUR : रेल कर्मचारियों की को-ऑपरेटिव सोसाइटी(रेलवे अर्बन बैंक) के चुनाव को लेकर कोलकाता अलीपुर कोर्ट के चुनाव रोकने के आदेश को कोलकाता हाईकोर्ट ने बदल दिया है। कोर्ट ने मामले में की गई अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि पूर्ववत चुनाव के तिथि 24 जुलाई(बुधवार) को मतदान को सुबह 8 बजे के बजाएं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक कराया जाएं। बुधवार को सुबह 11 बजे से इसी मामले में सुनवाई करेगी। अंतः 2 बजे के बाद ही चुनावी प्रक्रिया शुरू कराई जाएं। ऐसे में रेलवे के प्रिंसिपल चीफ पर्सनल अफसर ने पत्र जारी कर कहा है कि पूर्ववत चुनावी प्रक्रिया के अनुसार रेलवे अर्बन बैंक का चुनाव होगा। बुधवार को सुबह 8 बजे के बजाएं दोपहर 2 बजे से शाम बजे तक मतदान होगा।

टाटानगर से होकर चलने वाली 13 ट्रेनों में स्लीपर व जेनरल कोच बढ़ाने का आदेश

नवंबर के अंत तक लगने लगेंगे कोच, सीटों की मारामारी होगी खत्म

PHOTON NEWS JSR:
दक्षिण-पूर्व रेलवे जोन में लंबी दूरी की ट्रेनों में जेनरल व स्लीपर कोच की संख्या बढ़ने जा रही है। लंबी दूरी की ट्रेनों में सीट को लेकर मारामारी खत्म करने के लिए जोनल स्तर पर टाटानगर और हावड़ा स्टेशन से खुलने और गुजरने वाली 13 ट्रेनों में जेनरल व स्लीपर कोच बढ़ाने का आदेश जारी हुआ है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक टाटा-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, टाटा-एनार्कुलम एक्सप्रेस, टाटा-बेंगलुरु एक्सप्रेस, टाटा-यशवंतपुर एक्सप्रेस, हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस, हावड़ा-जगदलपुर एक्सप्रेस, हावड़ा-मुंबई मेल, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, हावड़ा-हटिया क्रिया-योगा एक्सप्रेस, शालीमार-भुज एक्सप्रेस, हावड़ा-मुंबई गीतांजलि एक्सप्रेस व हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस में स्लीपर और जनरल कोच लगेंगे। इससे पहले टाटानगर से गुजरने वाली पटना-बिलासपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस में कोच बढ़ाने का आदेश है।

इन ट्रेनों में बढ़ेंगे डिब्बे

- हावड़ा-जगदलपुर एक्सप्रेस -1 अक्टूबर
- पटना-बिलासपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस- 8 नवंबर
- हावड़ा-मुंबई मेल - 15 नवंबर
- हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस - 22 नवंबर
- हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस - 15 दिसंबर
- हावड़ा-मुंबई गीतांजलि एक्सप्रेस -15 दिसंबर
- टाटा-बेंगलुरु एक्सप्रेस - 20 दिसंबर
- शालीमार-भुज एक्सप्रेस - 21 दिसंबर
- हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस - 22 दिसंबर
- टाटा-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस - 25 दिसंबर
- टाटा-यशवंतपुर एक्सप्रेस - 26 दिसंबर
- टाटा-एनार्कुलम एक्सप्रेस - 28 दिसंबर
- हावड़ा-हटिया क्रिया-योगा एक्सप्रेस- 28 दिसंबर

समाचार सार

परसुडीह के बावनगोड़ा में महिला ने किया सुसाइड

JAMSHEDPUR : परसुडीह थाना क्षेत्र के बावनगोड़ा में मंगलावार की सुबह गीता महतो (37) ने सुसाइड कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों ने इसकी सूचना परसुडीह थाने पर दी। बताया जा रहा है कि गीता महतो को एक भी संतान नहीं था। संतान नहीं होने की वजह से वह काफी परेशान रहती थी। परिवार के ताने भी सह रही थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि इसी वजह से उसने सुसाइड किया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कमलपुर थाना पहुंचे एसएसपी, लिया जाएजा

JAMSHEDPUR : एसएसपी किशोर कौशल मंगलवार को पटमदा के कमलपुर थाने पर पहुंचे। यहां उन्होंने अभिलेखों की जांच करने के साथ-

साथ आपराधिक आंकड़ों को भी देखा। इसके साथ ही इसको लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। अभिलेखों की जांच करने के साथ-साथ एसएसपी ने थाने के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने लंबित कांडों, वारंट और कुर्की-जब्ती का समय पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

बोल बम के नारे से गूंजा सोनारी

JAMSHEDPUR : सावन में 28 जुलाई को आयोजित होने वाले 1100 लोगों की निःशुल्क कांवर यात्रा में सोनारी के कुल 245 लोग शामिल होंगे

। सोनारी के बाबा भूतनाथ मंदिर के प्रांगण में कांवर यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की बैठक को संबोधित करते हुए संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने बताया कि 28 जुलाई को दोपहर 1 बजे कदमा के रंकिणी मंदिर के पास ओल्ड फार्म एरिया मैदान में सभी 11 कांवरिया एकत्रित होकर मां रंकिणी की पूजा-अर्चना कर 18 कोच बस,12 छोटी गाड़ी से सुल्तानगंज के लिए प्रस्थान करेंगे। एक परिवार के रूप में कुल 1100 शिवभक्त 8 दिन के दौरे में जमशेदपुर से सुल्तानगंज जाएंगे। यात्रा में शामिल होने वाले लोग सभी एक समान रहेंगे। सभी बाबा बैद्यनाथ के शिष्य और पुजारी बनकर जा रहे हैं ।

बिष्टुपुर में राखी मेला का समापन आज

JAMSHEDPUR : मारवाड़ी महिला मंच, जमशेदपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) के दूसरे दिन मंगलवार को

बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में जमशेदपुर प्रखंड की बीडीओ सुधा वर्मा पहुंचीं और मेला का अवलोकन किया। उन्होंने मारवाड़ी महिला मंच की प्रशंसा करते हुए मेले से ढेर सारी खरीदारी भी की। दूसरे दिन भी खरीददारी करने वालों की भीड़ रही।

इंटरैक्ट व रोट्रैक्ट क्लब के प्रेसिडेंट और सेक्रेट्री को दिलाई गई शपथ

डीबीएमएस कॉलेज सहित विभिन्न स्कूलों के क्लब का प्रतिष्ठापन समारोह आयोजित

PHOTON NEWS JSR:
रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर फेमिना ने रोटरी फेमिना के अंतर्गत संचालित रोट्रैक्ट क्लब डीबीएमएस बीएड कॉलेज फॉर एजुकेशन और इंटरैक्ट क्लब श्रीनाथ पब्लिक स्कूल आदित्यपुर, आरएमएस हाई स्कूल बालीचेला, चिन्मया विद्यालय बिष्टुपुर का प्रतिष्ठापन समारोह मंगलवार को हुआ। बिष्टुपुर स्थित होटल बुलेवर्ड में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. आर भरत ने इंटरैक्ट और रोट्रैक्ट क्लब के प्रेसिडेंट व सेक्रेटरी को रोटरी पिन देकर नए सत्र की शपथ दिलाई। रोट्रैक्ट क्लब की अध्यक्ष आफरीन

कार्यक्रम के दौरान मौजूद क्लब के सदस्य ● फोटोन न्यूज

शेख ने बताया कि इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण पर रोट्रैक्टर्स के प्रोजेक्टस होंगे। इंटरैक्ट क्लब चिन्मया विद्यालय बिष्टुपुर के अध्यक्ष आलोक राज, आरएमएस खूंटाडीह की अध्यक्ष श्रव्या बाग और श्रीनाथ पब्लिक स्कूल आदित्यपुर के अध्यक्ष तेजस परासर ने भी अपनी योजनाओं के बारे में बताया। डॉ. आर भरत ने कहा कि ईश्वर हमें मनुष्य के रूप में धरती पर भेजता है, तो हमें यहां अच्छे काम कर ईश्वर का कर्ज अदा करना चाहिए। अध्यक्ष सीमा कुमार ने अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन किया।

मानगो में 83 किलो गांजा प्रकरण से मो. नौशाद रिहा

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई के दौरान साक्ष्य के अभाव का लाभ गांजा प्रकरण में आरोपित मोहम्मद नौशाद को मिला और उसे रिहा कर दिया गया।
मामला 10 मई 2015 का है, जब थाना प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद ने गुप्त सूचना के आधार पर कदमा के थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा के साथ टीम बनाकर रोड नंबर 14 स्थित मोहम्मद नौशाद के घर पर छापामारी की थी। प्लास्टिक के दो बोरे में क्रमशः 42 और 36 किलो तथा पॉलिथीन में रखा पांच किलो, कुल 83 किलो गांजा बरामद हुआ था। मानगो पुलिस ने 30 जून 2015 को एनडीपीएस की धारा के तहत आरोप पत्र अदालत में समर्पित किया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से छह गवाही हुई।

आरआईटी में युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

SARAIKELA : सरायकेला जिले के आरआरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत पार्वतीपुर गांव से मंगलवार सुबह स्थानीय 20 वर्षीय युवक का शव गांव के तालाब के पास से बरामद किया गया है। हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान वीर सिंह हांसदा के रूप में की गई है। वह स्थानीय कंपनी में मजदूर था। मृतक के छोटे भाई ने बताया कि वह सोमवार की दोपहर से लापता था। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल सका था। इस बीच मंगलवार की सुबह गांव के तालाब के पास से उसका शव बरामद हुआ।
मृतक वीर सिंह हांसदा के छोटे भाई विश्वनाथ हांसदा ने बताया कि भाई के मृत शरीर पर कई गंभीर चोट के निशान हैं। आंख को भी कुचल दिया गया है। शव देखने से प्रतीत होता है कि पत्थर से कूचकर निर्मम हत्या की गई है। इधर घटना की जानकारी होने पर आरआईटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के विभिन्न संयंत्रों से आए एक्जीक्यूटिव ट्रेनी

एनएमएल में चार दिवसीय कॉरपोरेट प्रशिक्षण एमसीबीए आरंभ

PHOTON NEWS JSR:
बमार्माइंस स्थित सीएसआईआर-एनएमएल (राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला) में खनिज प्रसंस्करण विभाग की ओर से चार दिवसीय कॉरपोरेट प्रशिक्षण (एमसीबीए-2024) मिनरल कैरैक्टराईजेशन बेनिफिसियेशन एवं एग्लोमोरेशन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधुरी ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के विभिन्न संयंत्रों से आए एक्जीक्यूटिव ट्रेनी का स्वागत किया और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से उद्योग जगत में नई सृजनात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण गतिविधियों को बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। पर्यावरण क्षेत्र में खनिज प्रसंस्करण का अहम योगदान रहा है, जिसमें मिनरल क्षेत्र में रिकवरी

कार्यक्रम को संबोधित करते निदेशक व उपस्थित प्रतिभागी ● फोटोन न्यूज

एवं रिप्रोड्यूस करने में नई तकनीक का उपयोग अहम सिद्ध होगा। मानव संसाधन, प्रमुख डॉ. शिवा प्रसाद ने प्रतिभाग्रियों से कहा कि खनिज प्रसंस्करण क्षेत्र में नई तकनीकी सहयोग एवं आपसी औद्योगिक साझेदारी से तकनीकी विकास में नई दिशा मिलेगी। खनिज प्रसंस्करण विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शोभना डे ने कहा कि विज्ञान के बिना उद्योग और उद्योग के बिना विज्ञान अधूरा है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 जुलाई से 26 जुलाई तक प्रतिदिन दो सत्र में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र में हमारे वैज्ञानिक द्वारा संबंधित विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा तथा दूसरे सत्र में वृहद स्तरीय प्रायोगिक संयंत्र (पायलट प्लांट) में डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खनिज प्रसंस्करण विभाग के वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार मोहन्ता, डॉ. राजेंद्र कुमार रथ, डॉ. अरी विद्याधर, अजित स्वाईं, डॉ. गणेश चालवाडी, अभिषेक कुमार सहित अनेक लोगों का योगदान रहा।

शबरी का रूप धरकर आभा गोराई व इशिता ने मोहा मन

PHOTON NEWS JSR:
सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन संस्थान के तत्वावधान में चल रहे तुलसी जयंती समारोह के तहत 13 जुलाई को संपन्न कक्षा 1 से 3 तथा 4 से 6 तक की छात्राओं के लिए 'माता शबरी रूप सज्जा प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। दो वर्गों में विभक्त प्रतियोगिता में शहर के 27 विद्यालयों से 142 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
ये रहे विजेता : वर्ग-अ (कक्षा 1 से 3) : प्रथम-आभा महेश गोराई (एआईडब्ल्यूसी सेंटर फॉर एक्सीलेंस), द्वितीय-प्रगीता शरण

प्रतियोगिता में शामिल बच्चे

(एसडीएसएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस), अमायरा सिंह (विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, टेल्को), तृतीय-तनुश्री कुमारी (आरवीएस एकेडमी, मानगो), प्रोत्साहन पुरस्कार-वेदिका राय (गम्हरिया हाई स्कूल)। वर्ग-ब (कक्षा - 4 से 6) : प्रथम- इशिता (चिन्मया विद्यालय, साउथ पार्क, बिष्टुपुर), द्वितीय-मंदिरा साहु खां (एसडीएसएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, सिदगोड़ा), आरुषि सोना (गुरु गोविन्द सिंह हाई स्कूल, टेल्को), तृतीय-वंशिका कुमार (एसएस एकेडमी, बालीगुमा, मानगो), रागिनी कुमारी (मध्य एवं उच्च विद्यालय, लक्ष्मीनगर, टेल्को), प्रोत्साहन पुरस्कार- भव्या वर्मा, शिखा कनौजिया (दोनों एसबीएम, मानगो), संचिता नायर (प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बिरसानगर), ममता कुमारी, (मध्य एवं उच्च विद्यालय, लक्ष्मीनगर, टेल्को)।

जेकेएस कॉलेज में विद्यार्थियों को मानवाधिकार से कराया अवगत

कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : मानगो स्थित जेकेएस कॉलेज में मंगलवार को 'आपका अधिकार आपकी शक्ति' थीम पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दल ने सुचित्रा सिन्हा की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।
सिन्हा ने बताया कि मानवाधिकार मानव की शक्ति का परिचय है। यह मनुष्य को गरिमामय जीवन जीने के लिए सुरक्षा प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि मनुष्य को जन्म के पश्चात ही ये अधिकार स्वतः प्राप्त हो जाते हैं, जो उनकी मृत्यु तक उनके साथ रहते हैं। यहां तक कि शवो की अंतिम क्रिया भी गरिमा के साथ हो, यह मानवाधिकार है। अगर छात्र सशक्त होंगे तो वे अपनी रक्षा के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों की रक्षा कर सकते हैं। शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज को बुलंद कर सकते हैं। उन्होंनें जेल संप्रेक्षण गृहों, आदिवासी आवासीय विधालय अनुसूचित जाति आवासीय विधालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय विधालयों में किस तरह मनवाधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा हैं, इसकी फोटो-वीडियो के साथ जानकारी दी।

शिष्यों में अर्जुन तत्व जगाने का समय

हमारे अद्भुत राष्ट्र भारत में धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं का समृद्ध इतिहास है। उन्होंने वर्षों से लाखों हिंदुओं को पवित्र मार्ग दिखाया है, इसलिए हिंदू या भारतीय संस्कृति में गुरु तत्व का विशेष महत्व है। हालाँकि, धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं के रूप में इस महान गुरु तत्व को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और इस तरह से सोचना चाहिए कि उनके लाखों अनुयायी राष्ट्र या भारत माता को खुद से ऊपर रखें। प्रत्येक गुरु को जातिगत भेदभाव और स्वार्थी प्रवृत्तियों को दूर करके हिंदुओं को एकजुट करने का प्रयास करना चाहिए। भले ही हमारे पास गुरुओं की एक लंबी और शक्तिशाली विरासत हो, लेकिन इस्लामी और ईसाई आक्रमणकारियों ने हम पर शासन और शोषण क्यों किया? इतना व्यापक धार्मिक रूपांतरण क्यों है? हर कोई, अमीर या गरीब, शांति और खुशहाल जीवन चाहता है, और धार्मिक और आध्यात्मिक गुरु अपने अनुयायियों को शांतिपूर्ण रहने और खुशी और नैतिक रूप से जीने का तरीका सिखाने का हर संभव प्रयास करते हैं। हालाँकि, अगर आसपास का माहौल शांत और नैतिक नहीं है, सनातन धर्म के प्रति तीव्र तिरस्कार है, तो सनातनी और सनातन धर्म कैसे जीवित रह सकते हैं? धर्म परिवर्तन की वर्तमान दर के साथ सनातन धर्म कैसे टिक पाएगा? परिणामस्वरूप, प्रत्येक गुरु को राष्ट्र प्रथम सिद्धांत पर विचार करना चाहिए; अन्यथा, धर्म के दुश्मन मानवता को नष्ट करने के लिए अपनी शक्ति से सब कुछ बर्बाद करेंगे। गुरु पूर्णिमा, आदि शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद और आचार्य चाणक्य को याद करने और सनातन धर्म और मानवता को बचाने के लिए उनके पदचिह्नों पर चलने का दिन है। अर्जुन तत्व का जागरण परम आवश्यक है। रामचरित मानस में गोस्वामी जी ने गुरु के बारे में विस्तार से बताया है। उन्होंने अपनी चौपाई में कहा है कि-बंदउ गुरु पद कंज कृपा सिंधु नररूप हरि।महामोह तम पुंज जासु बचन रबि कर निकर। अर्थात तुलसीदास जी कहते हैं, मैं गुरु महाराज के चरण कमलों की वंदना करता हूँ, जो दया के सागर हैं और मानव रूप में श्री हरि हैं, तथा जिनके वचन लोभ और स्वार्थ के घने अंधकार को नष्ट करने वाले सूर्य किरणों के समूह के समान हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी के अनुसार गुरु वह होता है, जिसके वचनों के अनुरूप कर्म होते हैं। क्या गुरु-शिष्य का रिश्ता किसी अन्य रिश्ते में हो सकता है? क्या अलग-अलग रिश्ते गुरुमय हो सकते हैं? हिंदू शास्त्रों के अनुसार, कृष्ण और अर्जुन दोनों मित्र और जिजा साले भी हैं। वे हमेशा साथ रहे और एक बंधन बनाया। वे मित्र बन गए, लेकिन कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में, जब अर्जुन ने दावा किया कि वह एक शिष्य की भावना से पूछ रहा था, तो कृष्ण ने एक गुरु की भावना से बात की, और ज्ञान का अमृत, गीता, उनके होठों से बरसा। जब अर्जुन गुरु तत्व में दृढ़ हो गया, तो श्री कृष्ण ने हर समय उसकी रक्षा की। प्रत्येक गुरु को अपने शिष्यों में अर्जुन को जगाने के लिए भगवान श्री कृष्ण की तरह सोचने और कार्य करने का समय है। अर्जुन को जगाना महत्वपूर्ण है, अन्यथा महान धर्म नष्ट हो जाएगा। हम पहले ही कई सदियाँ खो चुके हैं, लेकिन हमारे पास सनातन धर्म या मानवता के विनाश को रोकने के लिए बहुत कम समय है। दुनिया तभी समृद्ध होगी जब सनातन धर्म सभी बाधाओं के बावजूद दृढ़ रहेगा, वैश्विक शांति, सद्भाव, सामाजिक-आर्थिक प्रगति और समभाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह तभी संभव हो सकता है जब हजारों गुरु हिंदुओं को एकजुट करने, अपने लाखों अनुयायियों में ₹राष्ट्र प्रथम₹ का दृष्टिकोण पैदा करने और उन्हें आवश्यक शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक गुणों और आयामों से मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आधुनिक शंकराचार्य, धार्मिक और आध्यात्मिक गुरु आदि शंकराचार्य और स्वामी विवेकानंद का अनुसरण क्यों करें? जब कोई हिंदू किसी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेता है या पूजा करने के लिए मंदिर जाता है, तो वह हिंदू की तरह व्यवहार करता है। हालाँकि, जब हिंदू मंदिर के बाहर आते हैं और भौतिकवादी दुनिया में प्रवेश करते हैं, तो उनमें से कई लोग जातिगत भेदभाव, संप्रदाय, जिस राजनीतिक दल का वे समर्थन करते हैं, और कई ऐसे तत्वों का समर्थन करते हैं जो सनातन धर्म और भारत के संस्कृती का विरोध करते हैं। कई हिंदू इतने स्वार्थी हो जाते हैं कि वे भूल जाते हैं कि उनका अस्तित्व सनातन धर्म और भारत के कारण है। ऐसा स्वार्थ न केवल हिंदुओं के लिए बल्कि महान राष्ट्र भारत के लिए भी हानिकारक है। व्यक्तिगत जीवन में आगे बढ़ने और भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने के लिए, प्रत्येक हिंदू को सनातन धर्म के सिद्धांतों को पूरी तरह से अपनाना होगा, वेदों, उपनिषदों और गीता से सभी वैज्ञानिक, प्रबंधन और जीवन कौशल का अध्ययन करना होगा और एक एकजुट हिंदू के रूप में समाज में आगे बढ़ना और काम करना होगा। मानवता के लिए काम करना और देश को सभी पहलुओं में शीर्ष पर वापस लाना। आदि शंकराचार्य और स्वामी विवेकानन्द ने सनातन और वैदिक सिद्धांतों के आधार पर व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। आज, यह महत्वपूर्ण है कि धार्मिक और आध्यात्मिक गुरु अपने अनुयायियों को न केवल अनुष्ठान करना सिखाएं, बल्कि सनातन सिद्धांतों का उपयोग करके ₹हिंदुत्व₹ के लिए काम करें और अनुयायियों को यह समझने में मदद करें कि वैज्ञानिक, सामाजिक आर्थिक, प्रबंधन तकनीक, जीवन कौशल का व्यावहारिक अनुप्रयोग कैसे किया जाता है, वैसे ही रक्षा तकनीक और शत्रुबोध जीवन का हिस्सा होना चाहिए क्योंकि यह वैदिक सिद्धांतों के अनुरूप है।

डिजिटल के खंभे से टिकी दुनिया ने झेले सर्वर के झटके

ANALYSIS

डॉ. रमेश ठाकुर

कुलमिलाकर उनका जीवन भी डिजिटल हो चुका है। पर, युवा पीढ़ी गुजरे जमाने से अनभिज्ञ है, वो बिना आधुनिक सुविधाओं के रह ही नहीं सकती। निश्चित रूप से संपूर्ण संसार ने विकास की नई गाथा लिखी है। इंसान धरती से चांद तक पहुंच गया। लेकिन सच ये भी है विकास ही विनाश को जन्म देता है। सर्वाधिक सुविधाएं ही संसार में सन्नाटा पैदा करती हैं। जरा सोचिए, अगर माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर एकाध दिनों तक फेल हो जाए, तो मानव जीवन का क्या होगा? कल्पना करने मात्र से रूह कांप उठती है। बिना इंटरनेट के इंसान निश्चित रूप से अपंग हो जाएगा। क्योंकि उसकी जान ई-तंत्र में जो फंसी है। कहने में कोई हर्ज नहीं है कि आधुनिक युग की डिजिटल निर्भरता ने इंसान को पंगु बनाकर कहीं का भी नहीं छोड़ा। इंसान की लगाम, उसकी गति छोटे से कंप्यूटर रूपी डिब्बे में समा गई है। डिजिटल, इंटरनेट व सर्वर के बिना हम कितने अपाहिज हैं जिसकी तस्वीर हमने 19 जुलाई को खुली आंखों से देखी, इस समस्या पर इंसानी बस भी नहीं चलता।

डिजिटल की आदी हो चुकी दुनिया को माइक्रोसॉफ्ट के ठप हुए सर्वर ने ऐसा झटका दिया, जिसे कुछ क्षणों के लिए उनको गुजरा जमाना याद आ गया। सर्वर की तकनीकी खराबी ने तबाही मचा दी। चारों ओर कोहराम मच गया। दुनिया थोड़ी देर के लिए सोचने पर मजबूर हो गई। महानगरीय लोग भी देशी तरीकों से बड़े चाव और खुशहाल जीवन जी लेते थे। ग्रामीण आबादी तो बिना सुविधाओं के बिना हारी-बीमारी और अभावों में ही अच्छा जीवन जिया करते थे। हालांकि अब ग्रामीण अंचल भी सुविधा संपन्न हैं। महानगरों जैसी सुविधाएं गांव-देहातों में पहुंच चुकी हैं। इंटरनेट, एटीएम, पेटीएम, क्यूआरकोड, फिल्पकार्ड, एमोजोन, ओटीटी से सभी वाकिफ हैं। कुलमिलाकर उनका जीवन भी डिजिटल हो चुका है। पर, युवा पीढ़ी गुजरे जमाने से अनभिज्ञ है, वो बिना आधुनिक सुविधाओं के रह ही नहीं सकती। निश्चित रूप से संपूर्ण संसार ने विकास की नई गाथा लिखी है। इंसान धरती से चांद तक पहुंच गया। लेकिन सच ये भी है विकास ही विनाश को जन्म देता है। सर्वाधिक सुविधाएं ही संसार में सन्नाटा पैदा करती हैं। जरा सोचिए, अगर माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर एकाध दिनों तक फेल हो जाए, तो मानव जीवन का क्या होगा? कल्पना करने मात्र से रूह कांप उठती है। बिना इंटरनेट के इंसान निश्चित रूप से अपंग हो जाएगा। क्योंकि उसकी जान ई-तंत्र में जो फंसी है। कहने में कोई हर्ज नहीं है कि आधुनिक युग की डिजिटल निर्भरता ने इंसान को पंगु बनाकर कहीं का भी नहीं छोड़ा। इंसान की लगाम, उसकी गति छोटे से कंप्यूटर रूपी डिब्बे में समा गई है। डिजिटल, इंटरनेट व सर्वर के बिना हम कितने अपाहिज हैं

जिसकी तस्वीर हमने 19 जुलाई को खुली आंखों से देखी, इस समस्या पर इंसानी बस भी नहीं चलता। इंसान का प्रत्येक कार्य अब डिजिटल है। बैंकों में जमा पैसा भी डिजिटलाइट है। वो भी बिना सर्वर चले नहीं निकल सकता। क्योंकि बैंकों अब मैन्युअल कार्यों तक तालाबंदी हो चुकी है। ग्राहकों की चाहें कितनी भी जरूरत पैसे के वजह से क्यों न रुकी हो। अस्पताल में मरीज भर्ती हों या बच्चों की स्कूलों में फीस भरनी हो। बैंक पैसा तभी रिलीज करेंगी, जब उसका कंप्यूटर चलेगा। दुनिया मैन्युअल सिस्टम से कहीं आगे जा चुकी है। इसलिए इंसान डिजिटल लत के चलते दिव्यांग हो गया है। उसकी जान कंप्यूटर में घुसी है। पारंपरिक दुनिया हमसे कितनी पीछे छूट गई है और ई-व्यवस्था हम पर कितनी निर्भर हो गई जिसकी हल्की-सी झलक कुछ घंटों के माइक्रोसॉफ्ट सर्वर के फेलियर से पता चल गई। ये तय तारीख हमें गंभीरता से सोचने पर विवश करती है। तारीख 19 जुलाई, दिन शुक्रवार समय सुबह 5 बजे से लेकर रात 8 बजे तक समूची दुनिया मानो थम गई। चालू व्यवस्था पर ब्रेक लग गया, पूरा जगत ठहर सा गया। अमेरिका से लेकर भारत तक हजारों विमान बिना उड़े बिना रनवे पर खड़े रहे। इसके अलावा बैंकिंग से लेकर मीडिया, रेलवे, टेलिकास्ट विंग, स्टॉक एक्सचेंज, कॉरपोरेट जगत व विभिन कंपनियों के कामकाज भी ठप हुए। शेयर बाजार एकदम धड़ाम से नीचे गिरा। क्या हिंदुस्तान, क्या अमेरिका, पूरी दुनिया में अफरातफरी का माहौल बन गया। सर्वर की गड़बड़ी की शुरूआती जांच में अमेरिकी एंटी-वायरस को बताया गया। जिसका प्रभाव सबसे पहले एयरलाइंस के संचालनों पर पड़ा, उनका सॉफ्टवेयर अचानक डाउन हो गया। कर्मचारी काफी देर तक अपने सिस्टमों को रिस्टार्ट और ऑन-ऑफ करते रहे, घंटों कोई रिस्पांस नहीं मिला। अमेरिका के अलावा कई देशों में आपात बैठकें बुलाई गईं। हमारी केंद्र सरकार में भी खलबली मची, एयर अथॉरिटी को सफाई देनी पड़ी। पर, स्थिति को जैसे-जैसे काबू में किया गया। कुछ घंटों बाद जब पता चला कि दुनिया का मुख्य क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर ही डाउन हो गया तो सुनकर सभी के होश उड़ गए। आईटी कंपनियों के कार्यालयों में तो भगदड़ जैसे हालात हो गए। आईटी एमएनसी कंपनियां तो टोटली डिजिटल हैं। डिजिटल जंजाल में फंस चुकी दुनिया अब बाहर भी नहीं निकल सकती। क्योंकि दुनिया की आदत हो चुकी है। मैन्युअल कामों से इंसानों ने तौबा कर लिया। मार्डन जमाने में ई-व्यवस्था का नशा मनुष्य के सिर चढ़कर बोल रहा है। सर्वर खराबी के कारण बेशक खोज लिए गए हां, लेकिन करीब 15 घंटे तक दुनिया की सांसे थमी रहीं। क्राउडस्ट्राइक एक अग्रणी साइबर सुरक्षा कंपनी है जो उन्नत खतरे की खुफिया जानकारी और एंडपॉइंट सुरक्षा प्रदान करती है। उनके सॉफ्टवेयर समाधान संगठनों को वास्तविक समय में साइबर खतरों का पता लगाने, रोकने और उनका जवाब देने में मदद करते हैं, जिससे मजबूत सुरक्षा और मन की शांति सुनिश्चित होती है। खुदा न खास्ता अगर ये जाम हो जाए यानी सर्वर डाउन, तो पूरा सिस्टम हैंग हो जाता है, जो उस दिन हुआ। माइक्रोसॉफ्ट के फेलियर से भारत की बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह चरमराई थीं जिससे कंपनियां और आम ग्राहकों को अनगिनत वित्तीय नुकसान हुआ। हालांकि, भारत के निजी बैंक क्राउडस्ट्राइक सिस्टम का प्रयोग नहीं करते? सिर्फ आरबीआई और अन्य 10 बैंकें इसका इस्तेमाल करती हैं। वरना, स्थिति और खराब हो जाती। ट्रांसपोर्ट सिस्टम पूरी तरह डिजिटल के गिरफत में है। लोगों के यातायात के साधन अब बैलगाड़ी या सामान्य मोटरवाहन नहीं रहे। संपन्न आबादी समय की बचत को ध्यान में रखकर ज्यादा हवाई आवाजाही करते हैं। गनीमत रही कि सर्वर खराबी के बाद सुबह के शिड्यूल में लगी सभी फ्लाइटें रोकी गईं। एयरलाइंस यात्री एयरपोर्ट में भी नहीं घुस पाए, इसके लिए उन्होंने हंगामा काटा। हंगामा देख एयरपोर्ट अथॉरिटी ने यात्रियों को मैन्युअल चेक इन से बोर्डिंग कराई। लेकिन अंदर जाकर भी उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। विमानन सेवाएं सुबह 10 बजे से ठप रहीं। सर्वर डाउन होने से विमानों को तत्काल प्रभाव से उड़ने से रोका गया। क्योंकि एयरलाइंस सिस्टम पूरी तरह से क्राउडस्ट्राइक साफ्टवेयर पर निर्भर हैं। एयरलाइंस के टिकटों की बुकिंग और चेक इन सर्विस कंप्यूटर आधारित होते हैं। ऐसे में उड़ चुका विमान तो सिर्फ ईश्वर भरोसे ही होता है। ऐसे स्थिति दोबारा भविष्य में न हो, इसके लिए माइक्रोसॉफ्ट निमार्ताओं को सुनिश्चित करना चाहिए।

लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

पौधारोपण करें जरूर, निगरानी करना न भूलें

पौधरोपण परियोजनाएं जलवायु परिवर्तन से निपटने और बिगड़े हुए पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने के लिए व्यापक रूप से समर्थित रणनीति के रूप में उभरी हैं। हालांकि, उनकी लोकप्रियता और उनके द्वारा उत्पन्न सद्भावना के बावजूद, इन योजनाओं को कई गंभीर मुद्दों का सामना करना पड़ता है जो उनकी प्रभावशीलता को कमजोर करते हैं। पेड़ वातावरण से कार्बन डाई ऑक्साइड को संग्रहीत और हटाकर जैविक कार्बन पृथक्करण में मदद करते हैं। बड़े पैमाने पर पौधरोपण को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में देखा जाता है, जिसमें सरकारें, गैर सरकारी संगठन और व्यक्ति शामिल होते हैं। 1950 में, भारतीय कृषिमंत्री ने वन महोत्सव ('पेड़ों का त्यौहार') कार्यक्रम शुरू किया, जिसे हर साल जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 2021-2030 को पारिस्थितिकी तंत्र बहाली का दशक घोषित किया है। 350 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को बहाल करना, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं में $9 ट्रिलियन का उत्पादन करना और अतिरिक्त 13-26 गीगाटन ग्रीनहाउस गैसों को अलग करना। विभिन्न भारतीय राज्यों में एक दिन में पौधे लगाने के अभियान। विश्व आर्थिक मंच द्वारा 'एक ट्रिलियन परियोजना'। 'चीन की महान हरित दीवार'। पाकिस्तान की '10 बिलियन ट्री सुनामी'। 'बॉन चैलेंज' 2020 तक 150 मिलियन हेक्टेयर और 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल करने के लिए। आकर्षक नारे, आकर्षक अभियान और सुर्खियां बटोरने वाले अभियान मीडिया का ध्यान और सार्वजनिक भागीदारी आकर्षित करते हैं। पिछले साल अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ संयुक्त संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि भारत एकमात्र जी 20 देश है जिसने पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है। 2024 के राज्यसभा संबोधन में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री ने घोषणा की है कि भारत ने 1।97 बिलियन टन उड2 समतुल्य का अतिरिक्त कार्बन सिंक हासिल किया है। शहरी वनों को विकसित करने के उद्देश्य से एक पहल। वन प्रबंधन और संरक्षण के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करता है। वन/वृक्ष आवरण को बढ़ाने और पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने पर ध्यान केंद्रित करता है। वन अग्नि की रोकथाम और प्रबंधन को संबोधित करता है। वन भूमि को गैर-वन उपयोगों के लिए मोड़ने के लिए वनीकरण और पुनर्जनन गतिविधियों के लिए धन प्रदान करता है। वनों में कम से कम 10 फीसद छत्र आवरण होना चाहिए, पेड़ों की न्यूनतम ऊंचाई 5 मीटर होनी चाहिए और क्षेत्रफल कम से कम 5 हेक्टेयर होना चाहिए। इस परिभाषा के तहत ऐसे क्षेत्र जहाँ कृषि प्रमुख भूमि उपयोग है, उन्हें वन नहीं माना जाता है। वनों में 10-30 फीसद छत्र आवरण होना चाहिए, पेड़ों की ऊंचाई 2-5 मीटर के बीच होनी चाहिए और क्षेत्रफल कम से कम एक हेक्टेयर होना चाहिए। जलवायु से संबंधित संकटों और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण एक लोकप्रिय और प्रभावी तरीका है। स्थानीय समुदायों की सीमित भागीदारी। पर्याप्त अनुवर्ती देखभाल और मोनोकल्चर को बढ़ावा देने की कमी। स्थानीय पारिस्थितिक संदर्भों और लोगों की भागीदारी की उपेक्षा। घास के मैदानों और जानवरों के आवासों जैसे कुछ स्थानों पर पेड़ लगाने से पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंच सकता है, जंगल की आग की तीव्रता बढ़ सकती है और ग्लोबल वार्मिंग बढ़ सकती है। घास के मैदानों को पेड़ लगाने के लिए वनों की कटाई या क्षरित भूमि नहीं माना जाना चाहिए। ये भूमि अत्यधिक उत्पादक और जैव विविधता वाली हैं, जो पशुधन और लोगों का भरण-पोषण करती हैं। अकेले पौध लगाना हमेशा अन्य तरीकों, जैसे कि पेड़ों के द्वीप (छोटे-छोटे टुकड़ों में पौधे लगाना) की तुलना में लागत-प्रभावी जलवायु समाधान नहीं होता है। भारत के हालिया नीतिगत बदलावों में अंतर्निहित चुनौतियों का समाधान करने के लिए आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है। रणनीतियों में पर्याप्त वित्त, सक्रिय सामुदायिक भागीदारी और तकनीकी विचारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अभियान, सोशल मीडिया और प्रोत्साहित सामुदायिक भागीदारी वन पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव लाने में मदद कर सकती है। प्रयासों का उद्देश्य विविध क्षमताओं और क्षमताओं वाले लचीले वन बनाना होना चाहिए। जबकि पौधरोपण पर्यावरण बहाली प्रयासों का एक महत्वपूर्ण घटक है, यह एक अकेला समाधान नहीं है। प्रभावी वन बहाली के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जिसमें सामुदायिक भागीदारी, तकनीकी विशेषज्ञता और निरंतर निगरानी शामिल हो। इन कारकों को संबोधित करके, हम पुनर्वनीकरण पहल की सफलता को बढ़ा सकते हैं और एक अधिक टिकाऊ और लचीली पारिस्थितिकी प्रणाली में योगदान दे सकते हैं। पेड़ों में अपने स्थानीय आवास बदलने की क्षमता रखते हैं। वे नमी के स्तर बढ़ाने का काम करते हैं और वायुमडंल में ऑक्सीजन की मात्रा भी। पुराने पेड़ विशेष तौर पर अहम माने जाते हैं फिर भी वे तेजी से खत्म हो रहे हैं। अध्ययन में इस बात पर जोर दिया गया इस खतरनाक स्थिति के लिए ज्यादा निगरानी की जरूरत है। पुराने जंगलों और उनके पुराने पेड़ों की मैपिंग और निगरानी करने से संरक्षित क्षेत्रों की प्रभावशीलता और संधारणीयता का सीधा आकलन हो सकता है। आज हमें पौधे लगाने के बाद उन्हें बचाने की ज्यादा जरूरत है। सोचना होगा कहीं हम नर्सरी में पल रहे शिशु पौधों की जान तो नहीं ले रहें। पौधरोपण पर्यावरण बहाली प्रयासों का एक महत्वपूर्ण घटक है, यह एक अकेला समाधान नहीं है।

Social Media Corner

सच के हक में...

महान चन्द्रशेखर आजाद की जयंती पर मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। वह एक निडर नायक थे, जो भारत की स्वतंत्रता के लिए अटूट साहस और प्रतिबद्धता से संपन्न थे। उनके आदर्श और विचार लाखों लोगों, विशेषकर युवाओं के दिल और दिमाग में गूंजते रहते हैं।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

प्रोजेक्ट भवन में विभिन्न विभागों में सहायक नगर निवेशक, कनीय अभियंता, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, पाइपलाइन इंस्पेक्टर, खान निरीक्षक एवं मोटरयान निरीक्षक हेतु नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुआ। सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

(सीएम हेमंत सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरूआत की जाएगी, जिसके तहत 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें उपलब्ध कराई जाएंगी।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

उपभोक्ता हित में है योगी सरकार का आदेश

योगी आदित्यनाथ व उत्तराखंड सरकार के हालिया आदेश कि कांवड़ मार्ग का प्रत्येक दुकानदार अपनी दुकानों पर अपने नाम का बोर्ड लगाये, इस समय काफी बवाल मचाए है। इसे विपक्षी व्यक्ति के संवैधानिक अधिकार का हनन बता रहे हैं। किन्तु प्रश्न है कि संवैधानिक अधिकार किसका बचाया जाए? उन व्यापारियों का, जो छद्म व्यापार में लिप्त हैं, अथवा उन उपभोक्ताओं का, जो इस छद्मता का शिकार बनते हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम एक उपभोक्ता को ऐसे माल, उत्पाद या सेवाओं से संरक्षित किए जाने का अधिकार देता है जो जीवन और सम्पत्ति के लिए परिसंकटमय हों। साथ ही वह उपभोक्ताओं को क्रय किये जा रहे मालों, उत्पादों या सेवाओं की क्वालिटी, मात्रा, शक्ति, शुद्धता, मानक और कीमत के विषय में सूचित किए जाने का अधिकार देता है। साथ ही उसे अनुचित व्यापार व्यवहार के विरुद्ध अनुतोष पाने का अधिकार भी देता है। विशेष यह कि यह सभी अधिकार उसे योगी या भाजपा सरकार ने नहीं, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के स्थापित होने के समय से ही मिले हुए हैं। किसी माल की क्वालिटी जहां उपभोक्ता को अच्छी क्वालिटी के चयन का अधिकार देती है, वहीं शुद्धता जहां वस्तु में उपलब्ध अवयवों की शुद्धता से ही सम्बन्धित नहीं है, उपभोक्ता के विश्वास की शुद्धता से सम्बन्धित है। इसी विश्वास की शुद्धता का ही दूसरा नाम पवित्रता है। एक कांवड़ यात्री अपने पांथिक विश्वास के अनुरूप लिए गए पवित्र संकल्प व आस्था के कारण ही अपने कांधे पर कांवड़ में गंगाजल लाकर अपने देव महादेव का अभिषेक करता है। इस कांवड़ यात्रा के अपने नियम होते हैं। एक कांवड़िया को इन नियमों का पालन करना अनिवार्य होता है। ऐसे में जबकि उसकी यात्रा की पवित्रता इतनी महत्वपूर्ण होती हो कि कांवड़ या स्वयं कांवड़िया के किसी के छू जाने मात्र से ही खंडित हो जाती हो, वैष्णव, पवित्र, शाकाहारी आदि नाम से चल रहे भोजनालयों में अंडा या मांस का प्रयोग उन्हीं बरतनों में किए जाने, जिनमें उसे भोजन परोसा जाना है, या उसे सामिष भोजन परोसने अथवा भोजन में सामिष भोजन के तत्व डालने से खंडित नहीं होगी, ऐसा विश्वास करनेवाले यह कभी नहीं बताते कि वे इसे किस प्रकार भोजन की वैष्णव पद्धति, पवित्रता या शाकाहार में परिभाषित करेंगे। ऐसे दुकानदारों का यह छलावा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में छद्म विज्ञापन की श्रेणी का मामला भी बनाता है, जो स्वयं अपने आप में आपराधिक कृत्य है। योगी आदित्यनाथ के इस आदेश को पहचान बताने को बाध्य करने वाला आदेश बताने वालों से एक प्रश्न यह भी है कि ऐसी क्या विवशता है, जिसके कारण वे अपनी पहचान छिपाना चाहते हैं? साथ ही क्या इस उचित आदेश पर उनका भड़कना यह सिद्ध नहीं करता कि उनका छद्म नाम से किया जानेवाला यह व्यापार सोदेश्य है तथा यह किसी बड़े षड्यन्त्र का भाग होना भी संभव है। सोशल मीडिया पर प्रायः ऐसे वीडियो आते हैं, जिनमें कोई गटर में सब्जियां व फल साफ करता दिखाया जाता है तो कोई भोजन में थूकता नजर आता है। कई मौलवी इन कृत्यों की यह कहकर वकालत करते भी नजर आते हैं कि यह उनकी पांथिक परम्परा है। खाद्य सुरक्ष अधिनियम-2006 में खाद्य पदार्थ के बेचने वालों को न सिर्फ अपने कारोबार का पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है, वरन् उन्हें पंजीयन संख्या सहित अनुज्ञप्तिधारी का नाम अपनी दुकान पर इतने बड़े अक्षरों में प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है कि उपभोक्ता उसे आसानी से पढ़ सके तथा विश्वास कर सके कि उसके द्वारा की जानेवाली खरीद खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने वाले पंजीकृत विक्रेता से ही की जा रही है, किसी अमानक, अपंजीकृत या साजिश करनेवाले दुकानदार से नहीं।

कांवड़ और न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने पक्ष-विपक्ष में तर्क सुनने के बाद उस विवादास्पद आदेश पर शुक्रवार तक रोक लगा दी है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को मालिकों व कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने साफ कर दिया है कि खाद्य विक्रेताओं को मालिक, कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस भी दिया है। तय है, याचिकाकर्ता ने अपनी मजबूत दलीलों से सर्वोच्च न्यायालय से अपने अनुकूल अंतरिम आदेश प्राप्त कर लिया है और अब गेंद इन सरकारों के पाले में है, उन्हें अपने आदेश के बचाव में अकाट्य तर्क के साथ पेश होना पड़ेगा। दुकानों-ठेलों पर मालिक को नाम लिखने के लिए बाध्य करने वाला यह आदेश व्यापक है और इससे समाज में एक बड़े बदलाव की शुरूआत हो सकती है। अतः संविधान की रोशनी में आगे बढ़ना चाहिए। यह अच्छी बात है कि न्यायालय अपने अंतरिम आदेश में भी सतर्क है। न्यायालय की भी यही मर्जी है कि कांवड़ियों (तीर्थयात्रियों) को उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप शाकाहारी भोजन परोसा जाए और स्वच्छता के मानकों को बनाए रखा जाए। न्यायालय को प्रथम दृष्टया भारतीय गणराज्य के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की चिंता है और याचिकाकर्ता भी इस मोर्चे पर अपनी आशंकाओं का समाधान चाहते हैं। एक तर्क यह भी है कि केवल नाम या पते के प्रदर्शन से शुचिता या पवित्रता बहाल नहीं होगी और न इच्छित उद्देश्य की प्राप्ति होगी। याचिकाकर्ता के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया है कि आप किसी रेस्तरां में व्यंजन सूची के आधार पर जाते हैं, न कि कौन परोस रहा है। यदि किसी दुकानदार का नाम-मजहब स्पष्ट हो जाएगा, तो पहचान के आधार पर बहिष्कार की आशंका है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

ICJ, Knesset and the rules-based order

